मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, गुरुवार, 15 मई 2025

संवत 2082, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष-02 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 250, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ ऑपरेशन सिंदूर : पाकिस्तान को सबक जरूरी

शाहिद से शादी के बाद दोस्तो से बात नहीं कर पाती थी मीरा ◂◂ 6


# श्रीनगर पहुंचे रक्षा मंत्री कहा-हमने आतंकियों को उनका कर्म देखकर मारा

## क्या दुष्ट देश के हाथों में न्यूक्लियर सुरक्षित है? राजनाथ बोले- पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की हो वैश्विक निगरानी

एजेंसी

**श्रीनगरः** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को श्रीनगर का दौरा किया, जहां उन्होंने सैनिकों से बातचीत की और उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारत अब आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा और दुश्मन को उसी की भाषा में जवाब देगा।

इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) से पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की जिम्मेदारी अपने हाथ में लेने का आग्रह किया। यह बात ऐसे समय में कही गई है जब कुछ ही दिनों पहले परमाणु हथियार संपन्न दोनों पड़ोसी देशों ने लगभग तीन दशकों में अपने सबसे खराब सैन्य संघर्ष को समाप्त किया है। उन्होंने कहा कि मैं पूरी दुनिया से पूछता हूं कि क्या ऐसे गैरजिम्मेदार और दुष्ट देश के हाथों में परमाणु हथियार सुरक्षित हैं। मेरा मानना ??है कि पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में ले लिया जाना चाहिए। राजनाथ सिंह ने



कहा कि आज आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिज्ञा कितनी कठोर है, इसका पता इसी बात से चलता है कि हमने उनके न्यूक्लियर ब्लैकमेल की भी परवाह नहीं की है। पूरी दुनिया ने देखा है कि कैसे गैर ज़िम्मेदाराना तरीके से पाकिस्तान द्वारा भारत को अनेक बार एटमी धमकियाँ दी गईं हैं। आज श्रीनगर की धरती से मैं पूरी दुनिया के सामने यह सवाल उठाना चाहता हूँ कि क्या ऐसे गैर ज़िम्मेदार और दुष्ट राष्ट्र के हाथों में परमाणु हथियार सुरक्षित हैं? मैं मानता हूँ कि पाकिस्तान के एटमी हथियारों को आईएईए यानि (इंटरनेशनल एटोमिक एनर्जी एजेंसी) की निगरानी में लिया जाना चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी सीमाओं पर अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए, जिस तरह से आप सभी, बिना रुके, बिना थके, दिन-रात लगे रहते हैं, वह अपने आप में अद्भुत है, अद्वितीय है। आपकी यही बातें हम सब भारतीयों के लिए, मार्गदर्शक का कार्य करती हैं। यही कारण है, कि मैं हमेशा आपसे मिलने के लिए उत्साहित रहता हूँ, ताकि आपके अंदर की ऊर्जा से, मैं खुद भी कुछ प्रेरणा ले सकूँ। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने पहलगाम में धर्म पूछकर, हमारे निर्दोष लोगों को मारा। उसके बाद आपने जो जवाब दिया, उसे पूरी दुनिया ने देखा। उन्होंने यह नहीं सोचा, कि आम नागरिकों ने उनका क्या बिगाड़ा है, उन्होंने ऐसा क्या किया है, कि उन्हें मार दिया जाए? पर मैं यहाँ कहना चाहूँगा, कि आतंकियों ने भारतीयों को धर्म देखकर मारा, तो हमने आतंकियों को उनका कर्म देखकर मारा। उन्होंने धर्म देखकर बेगुनाहों की जान ली, यह पाकिस्तान का कर्म था। हमने कर्म देखकर उनका खात्मा किया, यह हमारा भारतीय धर्म था। राजनाथ ने कहा कि एक रक्षा मंत्री के रूप में, मुझे आप सबको बेहद नजदीक से जानने का अवसर मिला है। मैं आपके साहस और पराक्रम को तो जानता ही हूँ, साथ ही साथ पहलगाम जैसी घटना के प्रति आपके गुस्से को भी मैं जानता हूँ। मुझे पता है, कि पहलगाम के बाद आपके अंदर गुस्सा था, पूरे देश के अंदर गुस्सा था। मुझे पता है, कैसा महसूस होता है, जब धमनियों में बह रहा रक्त बेकाबू होने लगे। और मुझे इस बात की खुशी भी है, कि आपने अपने गुस्से को सही दिशा देते हुए, बड़ी बहादुरी और सूझ-बूझ के साथ, पहलगाम का बदला लिया।

## लखनऊ में दिल दहला देने वाला हादसा

# दिल्ली से बिहार जा रही प्राइवेट स्लीपर बस में लगी आग, पांच जिंदा जले

- गहरी नींद में थे यात्री, 10 मिनट में जल गई पूरी बस, शीशा तोड़कर भागा ड्राइवर

एजेंसी

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज इलाके में दिल्ली से बिहार जा रही एक प्राइवेट स्लीपर बस में अचानक भीषण आग लग गई। इस दर्दनाक हादसे में 5 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि बस में करीब 60 यात्री सवार थे। हादसा किसान पथ पर तड़के उस समय हुआ जब ज्यादातर यात्री गहरी नींद में थे।

### यात्रियों का बयान

धुआं भर गया, सांस लेना मुश्किल हो गया बस में सफर कर रहे यात्रियों ने बताया कि पहले बस के अंदर धुआं भरने लगा, जिससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। जब तक कोई कुछ समझ पाता, आग तेजी से फैल गई और बस को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ यात्री समय रहते बाहर निकलने में सफल रहे, लेकिन 5 लोग बाहर नहीं निकल सके और जिंदा जल गए।



### 10 मिनट में जलकर राख हुई पूरी बस

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग इतनी भयानक थी कि महज 10 मिनट में पूरी बस जलकर राख हो गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि एक किलोमीटर दूर से भी नजर आ रही थीं। हादसे के समय अफरा-तफरी मच गई, लोग दरवाजों और खिड़कियों की तरफ दौड़े, लेकिन बस की ड्राइवर सीट के पास बनी एक्स्ट्रा सीट ने रास्ता रोक दिया, जिससे कई यात्री फंस गए और बाहर नहीं निकल सके।

### शॉर्ट सर्किट की आशंका फॉरेंसिक जांच जारी

पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट को आग की वजह माना जा रहा है, लेकिन असली कारण फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगा। लोगों का कहना है कि अगर बस की सीट व्यवस्था और इमरजेंसी रास्ता सही होता, तो शायद इन लोगों की जान बचाई जा सकती थी।

### ड्राइवर शीशा तोड़कर भागा, पुलिस तलाश में जुटी

इस हादसे में सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि बस का ड्राइवर सबसे पहले शीशा तोड़कर खुद बाहर कूद गया और फरार हो गया। हादसे के बाद से उसका कोई पता नहीं चला है। पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी गई है।

## जम्मू कश्मीर के त्राल में एनकाउंटर

# सेना के जवानों ने जैश के 3 आतंकवादियों को किया ढेर



एजेंसी

**जम्मूः** गुरूवार सुबह को जम्मू-कश्मीर के त्राल में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुआ है। त्राल के नादिर गांव में चले एनकाउंटर में सेना के जवानों ने जैश के तीन आतंकवादियों को मार गिराया है। पुलवामा में पिछले 48 घंटे में दूसरा एनकाउंटर है। इससे पहले मंगलवार को शोपिया में लश्कर के तीन आतंकियों को ढेर किया गया था। शोपियां में सुरक्षाबलों के विशेष ऑपरेशन के तहत मंगलवार को लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकियों को ढेर कर दिया गया था। इन आतंकियों को सुरक्षाबलों ने जिनपथेर केलर इलाके में घेर लिया था. इस ऑपरेशन को ऑपरेशन केलर नाम दिया गया था।

# मंत्री योगेंद्र महतो की बिगड़ी तबीयत, पारस अस्पताल में कराया गया एडमिट



रांचीः राज्य सरकार के उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो की तबीयत गुरूवार को अचानक बिगड़ गई। सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया। मंत्री योगेंद्र प्रसाद के तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हे आनन फानन में धुर्वा स्थित पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी अपने साथी मंत्री के तबीयत का हाल जानने खुद अस्पताल पहुंच गये। डॉक्टरों की टीम मंत्री योगेंद्र प्रसाद का इलाज कर रही है।

# पिता के सामने बेटे की हत्या, सूचना देने के बाद भी नहीं पहुंची पुलिस

- जयराम महतो ने पहुंचकर एसपी को किया फोन

एजेंसी


**बोकारोः** जिले के ऊपरघाट इलाके में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। नावाडीह थाना क्षेत्र इलाके में पिता के सामने गोली मारकर बेटे की हत्या कर दी गई। पिता ने पुलिस को सूचना दी लेकिन देर रात तक पुलिस वहां नहीं पहुंची। इसके बाद डुमरी से विधायक जयराम महतो वहां पहुंचते है और जिले के एसपी, बेरमा डीएसपी को फोन लगाते है लेकिन कोई फोन नहीं उठाता है। जयराम महतो जब मौके पर पहुंचते



है तो पिता से पूरी घटना की जानकारी लेते है। मृत के पिता ने जयराम को बताया कि वो बेरमो के सिरई गांव के रहने वाले है। तीन की संख्या में आये अपराधियों ने उनके बेटे की हत्या कर दी। पुलिस को सूचना दी गई लेकिन पुलिस वहां नहीं पहुंची। हत्या के पीछे का कारण मृतक के पिता नहीं बता पाते। मौके पर पहुंचने से पहले जयराम महतो पुलिस को सूचना देते है लेकिन जयराम का दावा है कि थाने के बड़ा बाबू उनको देर रात वहां जाने से मना करते है और पुलिस फोर्स का हवाला देते हुए कहते है कि इतनी देर रात वहां पहुंचना सुरक्षित नहीं है। हालांकि बाद में थाना की ओर से ड्राइवर आता है घटना की जानकारी लेने के लिए। जयराम महतो इस दौरान एक वीडियो शूट करते है और पूरे घटना के बारे में बताते है। वो कहते है कि बड़ा बाबू उनको यहां आने से मना करते है लेकिन वो फिर भी यहां पहुंच गये लेकिन थाना पहुंच नहीं पाई। देर रात करीब एक बजे जयराम बोकारो एसपी और बेरमो डीएसपी को भी फोन करते है लेकिन वो फोन नहीं उठाते है।

# मणिपुर में सुरक्षाबलों ने 10 उग्रवादी किए ढेर

## भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद



एजेंसी

**इंफालः** भारत-म्यांमार सीमा के पास मणिपुर के चंदेल जिले में असम राइफल्स के जवानों के साथ मुठभेड़ में दस उग्रवादी मारे गए। यह जानकारी भारतीय सेना ने कहा कि बुधवार रात दी। भारतीय सेना की पूर्वी कमान ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि खेंगजॉय तहसील के अंतर्गत न्यू समतल गांव के पास एक उग्रवादी समूह के सशस्त्र कैडरों की आवाजाही के बारे में विशेष खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए स्पीयर कोर के तहत असम राइफल्स इकाई ने बुधवार को एक अभियान शुरू किया। सेना ने कहा, अभियान के दौरान संदिग्ध कैडरों द्वारा सैनिकों पर गोलीबारी की गई, जिसके बाद जवानों ने जवाबी कार्रवाई की। गोलीबारी में 10 उग्रवादी मारे गए। बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।

# सीसीएल के सेफ्टी ऑफिसर 10 हजार घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**रांचीः** झारखंड में सीबीआई की टीम ने रामगढ़ स्थित सीसीएल के सिरका कोलियरी में छापेमारी की। सीबीआई ने 10 हजार रुपये घूस लेते हुए सीसीएल के सेफ्टी ऑफिसर राजेंद्र प्रसाद को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। कोलियरी के जगदीश तांती के



कर्मचारी ने सीबीआई को लिखित शिकायत की थी। बताया जाता है कि सिरका कोलयरी में कार्यरत मैकेनिकल फिटर जगदीश तांती से इंक्वायरी सेटअप करने के मामले को लेकर सेफ्टी ऑफिसर राजेंद्र प्रसाद ने 10 हजार रिश्वत की मांग की थी। वह जगदीश को उस पर लगे आरोपों से मुक्त करने के लिए घूस मांग रहा है। सीबीआई ने शिकायत की जांच की और सही पाया।

## कर्नल सोफिया पर विवादित बयान मामले में मंत्री विजय शाह की मुश्किलें बढ़ी

# हाईकोर्ट ने एफआईआर के दिए आदेश

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री कुंवर विजय शाह की मुश्किलें बढ़ गई हैं। भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर उनकी कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है।

कर्नल सोफिया कुरैशी भारतीय सेना की वो अधिकारी हैं, जिन्होंने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में मीडिया को विस्तृत जानकारी दी थी। मंत्री विजय शाह की टिप्पणी का मध्य





प्रदेश उच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लिया। जस्टिस अतुल श्रीधरन की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को मंत्री विजय शाह के खिलाफ तुरंत एफआई दर्ज करने का आदेश दिया। अदालत ने राज्य के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह को भी सख्त निर्देश देते हुए कहा कि हर हाल में एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि वह कल सुबह सबसे पहले इसी मामले पर सुनवाई करेगी। इस बीच, इस मुद्दे पर सियासत भी गरमा गई है। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मंत्री कुंवर विजय शाह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा, हमने मध्य प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। मध्य प्रदेश के एक मंत्री ने सेना के अधिकारियों और बहनों का अपमान किया है। यदि उन्हें 24 घंटे के भीतर बर्खास्त नहीं किया गया, तो हम देश के सभी थानों में विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएंगे।

# झारखंड के युवक की बिहार के नवादा में सड़क दुर्घटना में मौत

- ट्रक ड्राइवर था मृतक सुनील, कोडरमा से बिहार शरीफ जाने के दौरान हुई घटना

एजेंसी

**चतराः** सदर थाना क्षेत्र के मोकतमा पंचायत के अकौना गांव निवासी सुनील यादव (32) पिता नीरू यादव की मौत बुधवार रात बिहार के नवादा में सड़क दुर्घटना में हो गई।घटना उस वक्त घटी, जब सुनील ट्रक में फ्लाई ऐश लोड कर बिहार शरीफ की ओर जा रहा था, इसी दौरान नवादा हाइवे में एक ट्रक से टक्कर हो गई। जिससे सुनील की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की जानकारी ट्रक मालिक ने देर रात मृतक के परिजनों को दिया। इसके बाद झामुमो युवा नेता राहुल यादव , राजद युवा नेता बबलू अहीर परिजनों के साथ नवादा पहुंचे।



जहां नवादा सदर अस्पताल में शव पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को गांव रवाना कर दिया गया है। आपको बताते चलें कि सुनील ट्रक चला कर परिवार का भरण पोषण करता था। उसकी मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के तीन छोटे -छोटे बच्चे हैं। वहीं घटना से गांव का माहौल गमगीन हो गया है। सुनील झामुमो युवा नेता राहुल यादव के चचेरा भाई हैं। परिजन व ग्रामीणों ने सरकार व जिला प्रशासन से मृतक के परिजनों को समुचित मुआवजा देने की मांग की है।

# ट्रक के धक्के से पलटा ऑटो, छह की मौत,तीन गंभीर



**हरदोई :** जिले के कासिमपुर थाना क्षेत्र में संडीला-बांगरमऊ मार्ग पर ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे के बाद ऑटो पलट गया, जिसमें दबकर ऑटो सवार छह लोगों की मौत हो गई। संडीला-बांगरमऊ मार्ग पर बड़ी संख्या में ऑटो चलते हैं। बृहस्पतिवार को एक ऑटो नौ सवारियां लेकर संडीला की तरफ जा रहा था। हरदलमऊ गांव के पास ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। ऑटो में सवार छह लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि तीन घायलों को अस्पताल भेजा गया है। पुलिस जांच की कार्रवाई में जुटी है।

## न्यूज ब्रीफ

### ऑपरेशन सिंदूर पर बीजेपी की तिरंगा यात्रा पूरी तरह राजनीति से प्रेरित : राजद

**चतरा :** झारखंड प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि बीजेपी ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर देशभर में तिरंगा यात्रा निकाल कर राजनीति कर रही है। भाजपा नेताओं को तिरंगा यात्रा निकालने का नैतिक अधिकार नहीं है। मध्यप्रदेश सरकार में जनजातीय मंत्री कुंवर विजय शाह ने हमारे देश के नारी सैनिक ऑपरेशन सिंदूर के बहादुर नायक कर्नल सोफिया कुरैशी पर बेहद ही आपत्तिजनक एवं निंदनीय टिपण्णी किया है। इसके बाद भाजपा के लोग तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री विजय शाह ने घटिया भाषा का प्रयोग कर कर्नल सोफिया कुरैशी को मुस्लिम समाज एवं पाकिस्तान के आतंकवादियों का बहन कहा है, जो काफी निंदनीय है। राजद की ओर से मांग है कि बीजेपी ऐसे खराब मानसिकता वाले मंत्री विजय शाह को अविलंब बर्खास्त कर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करे। तभी समझा जाएगा कि भाजपा राष्ट्रवाद के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी ने नारी शक्ति का परचम लहराया है। भारतीय सेना देश के गौरव के प्रतीक है। इनकी शौर्य पर किसी को कोई संदेह नहीं है। इनका हौसला अफजाई करना हर भारतीय का धर्म है। भाजपा एकता और अखंडता को बनाए रखने का काम करे ना कि ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर तिरंगा यात्रा निकाल कर राजनीतिक रोटी सेकने का कार्य।

### सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस के बच्चों का शानदार प्रदर्शन





**चतराः** सीबीएसई 10 वीं बोर्ड परीक्षा में सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस चतरा के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा। छात्रा हादिया जन्नत 92 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल के टॉपर बनी। साद सलाहुद्दीन 90.6 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा तथा सोनी कुमारी ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा दिव्या गुप्ता ने 87.2 प्रतिशत अंक लाकर चौथा स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के प्राचार्य सतीश लाल गुप्ता ने कहा कि शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने अपने कड़ी मेहनत के बदौलत परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। बच्चों का यह प्रदर्शन उनके साथ-साथ विद्यालय के लिए भी काफी महत्वपूर्ण है। प्राचार्य ने छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी है। यहां बताते चले कि 12 वीं की परीक्षा में भी इसी विद्यालय के छात्र छात्राओं ने कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय में सबसे अधिक अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बने हैं। कला संकाय में राजश्री वीरा 94 प्रतिशत, विज्ञान संकाय में रुस्दाहा मिन्हाज 91.6 प्रतिशत तथा वाणिज्य संकाय में मनीषा कुमारी 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉपर बने हैं। 10 वीं और 12 वीं के छात्र छात्राओं के इस प्रदर्शन से छात्रों के साथ साथ स्कूल के शिक्षकों में भी काफी हर्ष है।

### पॉक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**चतरा :** जिले की हंटरगंज पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि थाना क्षेत्र के एक महिला के द्वारा दो दिन पूर्व यौन उत्पीडन को लेकर हंटरगंज थाना में आवेदन दिया गया था। मामले की जानकारी महिला ने थाना प्रभारी प्रभात कुमार को दी थी। इसके बाद पुलिस ने मामला को गंभीरता से लेते हुए पोस्को एक्ट कांड संख्या 86/25 दर्ज कर बारह घंटे के अंदर थाना क्षेत्र के औरु निवासी शिवानदन दास के 26 वर्षीय पुत्र आरोपी युवक सरवन दास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।


### पिता की गोद में घर लौटी मासूम विद्या



**एक साल बाद चाइल्ड वेलफेयर ने परिजनों को सौंपा**

**चतरा :** जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड के बरवाडीह पंचायत अंतर्गत शीतलपुर स्थित बिरहोर टोली की मासूम बच्ची विद्या एक वर्ष बाद पुनः अपने पिता की गोद में लौट आई। चाइल्ड वेलफेयर समिति, हजारीबाग द्वारा बुधवार को एक संक्षिप्त समारोह के दौरान बच्ची को उसके पिता सुकर बिरहोर के सुपुर्द किया गया।ज्ञात हो कि विद्या की माता, स्वर्गीय बबीता देवी का निधन एक वर्ष पूर्व प्रसव के दौरान हो गया था। तब से यह बच्ची चाइल्ड वेलफेयर समिति, हजारीबाग की देखरेख में रह रही थी। एक वर्ष की कानूनी और सामाजिक प्रक्रिया के उपरांत बच्ची को उसके जैविक पिता को सौंप दिया गया। इस अवसर पर चाइल्ड वेलफेयर समिति के प्रभारी चुन्नू एवं सहयोगी श्वेता कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी कलींद्र साहू, अंचलाधिकारी उदल राम, बरवाडीह पंचायत के मुखिया संदीप सुमन उर्फ महेश दांगी समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। सभी ने बच्ची की सुरक्षित वापसी पर संतोष व्यक्त किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बिरहोर समुदाय की यह घटना समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है कि प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से वंचित वर्गों के बच्चों का संरक्षण और पुनर्वास संभव है।

### कीर्तिवर्धन सिंह पहुंचे चतरा



**चतराः** केंद्रीय राज्यमंत्री पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन विदेश मंत्रालय कीर्तवर्धन सिंह आज चतरा पहुँचे। उन्होंने समाहरणालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किया।बैठक से पूर्व उपायुक्त रमेश घोलप ने केंद्रीय राज्य मंत्री को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। समीक्षा बैठक में चतरा सांसद कालीचरण सिंह,चतरा विधायक जनार्दन पासवान, सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, उपायुक्त रमेश घोलप, पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बीजेपी ने निकाली तिरंगा यात्रा, भारतीय सेना का किया आभार प्रकट

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** आतंकवादियों के दुस्साहस को सबक सिखाने के लिए भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान संरक्षित आतंकवादियों को मार गिराया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय सेना के प्रति आभार जताने के लिए आज से देश भर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा द्वारा रांची में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को आतंकवादियों द्वारा भारतीय पर्यटकों को निशाना बनाया गया था, जिस घटना ने देश भर में प्रतिशोध की भावना को जन्म देने का कार्य किया। इसके बाद छह मई की रात और सात मई की सुबह भारतीय सेना ने अपने शौर्य का परिचय देते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाकर पाकिस्तान और ढडङ में स्थापित आतंकी संगठनों के भवनों को ध्वस्त करने का काम किया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, नौ आतंकी ठिकानों पर हमले कर लगभग 100 से अधिक आतंकियों को मौत के घाट उतारा गया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद देश भर में लोगों के बीच उत्साह देखा गया। इसी कड़ी में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा द्वारा आज राजधानी रांची में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा निकाल भारतीय सेना का आभार जताया गया। यात्रा के दौरान हाथों में तिरंगे लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय , सशस्त्र बल जिंदाबाद और पाकिस्तान मुदार्बाद जैसे नारे लगाए।

**सशस्त्र बलों के सम्मान में पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही : संजय सेठ**

तिरंगा यात्रा में शामिल केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भारतीय सेना द्वारा चलाई गई ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर भारतीय सेना के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पाकिस्तान के नापाक करतूत पर मुंहतोड़ जवाब हमारे सेना के जवानों ने दिया है। ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान संरक्षित आतंकवादियों में डर का माहौल उत्पन्न हो चुका है। भारतीय सेना के कार्य को सम्मान देने के लिए देश भर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है।

**निर्दोष पर्यटकों की हत्या का बदला भारतीय सेना ने लिया : बाबूलाल मरांडी**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भारतीय सेना के शौर्य और साहस की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस तरह आतंकवादियों के द्वारा निर्दोष पर्यटकों की जान ली गई, मां बहनों का सुहाग उजाड़ दिया गया। इसके खिलाफ एक साहसिक कदम उठाने की जरूरत थी, जो कि भारतीय सेना ने कर दिखाया। भारतीय सेना द्वारा लागू की गई ऑपरेशन सिंदूर की वजह से पाकिस्तान में पल रहे आतंकवादियों को भारत में हमला करने से पहले दस बार सोचना पड़ेगा।

### हजारीबाग पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# दो अफीम तस्कर गिरफ्तार, भारी मात्रा में अफीम, रासायनिक पदार्थ व नकदी बरामद

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतरा/हजारीबाग :** हजारीबाग पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चतरा जिले के पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतरिया गांव निवासी जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू, पिता - देवधारी दांगी, एवं रांची जिले के दशम फॉल क्षेत्र के हालोडीह गांव निवासी हलधर मुंडा, पिता - चेतन मुंडा के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा दोनों तस्करों के पास से 5.395 किलोग्राम अफीम, 10.280 किलोग्राम रासायनिक पदार्थ (जो अफीम निर्माण में प्रयुक्त होता है), 1,11,000 रुपये नकद, दो मोटरसाइकिल, एक वेट मशीन तथा तीन मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई थी। प्राथमिक पूछताछ में यह संकेत मिले हैं कि गिरफ्तार तस्करों का संबंध एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्कर गिरोह से हो सकता है। मामले में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। हजारीबाग पुलिस की इस कार्रवाई को मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने टीम को सराहना करते हुए कहा कि जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध अभियान और अधिक सख्ती से जारी रहेगा।



### मनरेगा योजनाओं का लोकपाल संध्या प्रधान ने किया निरीक्षण



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतराः** पत्थलगड़ा प्रखंड के सिंघानी और नोनगांव पंचायत सहित गिद्धौर प्रखंड के द्वारी पंचायत में मनरेगा लोकपाल संध्या प्रधान ने बुधवार को विभिन्न विकास योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लोकपाल ने द्वारी, इंद्रा और तिलैया गांवों में मनरेगा के तहत संचालित डोभा निर्माण, टीसीबी/ईसीबी, सड़क, कूप निर्माण तथा आम बागवानी योजनाओं का गहन अवलोकन किया। उन्होंने योजनाओं की गुणवत्ता और कार्य प्रगति की विस्तार से जांच की और कुछ कार्यों में सुधार की आवश्यकता जताई। लोकपाल ने संबंधित रोजगार सेवकों को कार्यों को और अधिक गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया।इस दौरान पत्थलगडा. बीपीओ राजेश्वर कुमार ने भी मौके पर कार्य की स्थिति से लोकपाल को अवगत कराया तथा संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि सभी योजनाएं स्वीकृत मापदंडों के अनुरूप संचालित की जा रही हैं और श्रमिकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया गया है। निरीक्षण के समय पंचायत के मुखिया, बीपीओ, कनीय अभियंता (जेई), रोजगार सेवक, पंचायत सचिव सहित अन्य कर्मी और ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर अपने सुझाव और समस्याएं भी लोकपाल के समक्ष रखी, जिन पर उन्होंने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### दिल्ली पब्लिक स्कूल टंडवा का रिजल्ट शत प्रतिशत

चतराः जिले के टंडवा प्रखंड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल टंडवा इस क्षेत्र की सीबीएसई से मान्यता प्राप्त एकमात्र विद्यालय में इस वर्ष भी दसवीं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। परीक्षा में विद्यालय के 105 विद्यार्थी शामिल हुए। इनमें से अंशिका कुमारी और ऋषि देव 94.6 प्रतिशत, चित्रा सुरभि, आयुष कुमार 89% प्रियांशी प्रिया व आयुष सिंह 88% श्रेया कुमारी, जानवी राज 86% राहुल कुमार, शशि कुमार 83 प्रतिशत सानिया इरफान 76% तथा आदित्य कुमार पांडे 65% लाकर विद्यालय की टॉप 10 स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

# सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के मेंबर ने किया पिपरवार का दौरा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**पिपरवार (चतरा) :** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेता व जेबीसीसीआई सदस्य और सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के मेंबर लखनलाल महतो ने बुधवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान बचरा चार नंबर स्थित पटेल चौक में यूनियन के कार्यकर्ताओं ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका जोरदार स्वागत किया। जिसके बाद लखन लाल महतो ने स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर कई बातों पर चर्चा की। उन्होंने असंगठित मजदूरों से भी मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना और असंगठित मजदूरों को लेकर किये जा रहे संघर्ष एवं आंदोलन के बारे में जानकारी दी।उन्होंने सभी मजदूरों से एकजुट रहने का आह्वान किया।उन्होंने बताया कि सीसीएल के कोयला खदानों में खदान व मजदुरो की सुरक्षा को और मजबूत बनाने को लेकर सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सभी मेंबर सीसीएल के सभी क्षेत्रों का दौरा कर कोयला खदानों का निरीक्षण कर रही है एवं खदान व मजदूरों की सुरक्षा से संबंधित बातों की जानकारी ली जा रही है। इसी क्रम में आज सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया जा रहा है,जिसके तहत कोयला खदानों का भी निरीक्षण किया जाएगा। आगामी 20 मई की प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह हड़ताल देश के समस्त मजदूर, किसान व शोषित पीड़ित लोगों के हक और अधिकार के लिए किया जा रहा है।केंद्र सरकार ने श्रम कानून में परिवर्तन कर देश के मजदूरों के सुख सुविधा पर हमले का काम किया है।मजदूरो को उनकी संघर्ष और आंदोलन के बाद उनका अधिकार मिला है,लेकिन केंद्र सरकार के द्वारा मजदूरों के सुख सुविधा पर हमला किया जा रहा है,जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने देश के सभी मजदूरों को एकजुट होकर इस हड़ताल को सफल बनाने की अपील की है।इस मौके पर मुद्रिका प्रसाद, विमल महतो,बाबूलाल राम, रामजीत राम,ललिंदर कुमार, गंगा राम,हिमांशु चाटर, गणेश राम,लकेश्वर लाल, चमन महतो,मोहम्मद मुमताज,दिलीप चौधरी, सुरेश गोप,मुनेश्वर महतो, गणेश महतो,मंटू कुमार सिंह,मोहम्मद यूनुस,दशरथ प्रसाद,महेंद्र साहू सहित कई मजदुर उपस्थित थे।



### सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल, रेफर

**चतराः** सदर थाना क्षेत्र के चतरा - बगरा मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान लावालौंग के ऋतिक कुमार और अमित कुमार के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज हजारीबाग रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि दोनों युवक किसी काम से चतरा आए हुए थे। चतरा में काम करने के बाद दोनों वापस लावालौंग लौट रहे थे। इसी दौरान शहर के किशुनपुर मोहल्ला के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत सलाहाकार समिति की बैठक संपन्न

# नए अल्ट्रासाउंड के लिए आए आवेदनों के दस्तावेजों की हुई जांच, एक को मिली स्वीकृति

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत समुचित क्रियान्वयन हेतु जिला सलाहाकार समिति बैठक की बैठक की गई। बैठक में कुल नए अल्ट्रासाउंड के चार आवेदनों को रखा गया। जिसमें महाकाल (संजीवनी) अल्ट्रासाउंड चतरा, तिरुपति इमेजिंग सेंटर पुलिस लाइन सिमरिया रोड चतरा, साईं अल्ट्रासाउंड बाईपास नगवां चतरा तथा एस आर अल्ट्रासाउंड न्यू बस स्टैंड चतरा का नाम शामिल है। जबकि नवीकरण के लिए श्री नारायणी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक गौरक्षिणी रोड चतरा को रखा गया। सभी आवेदनों के दस्तावेजों की जांचों उपरांत तिरुपति इमेजिंग सेंटर पुलिस लाइन सिमरिया रोड चतरा को सर्वसम्मति से स्वीकृति दिया गया। वहीं शेष आवेदनों के त्रुटि निराकरण करते हुए अगले बैठक में रखने का निर्देश दिया गए।कार्य के प्रति लापरवाही बरतने के मामले में सदर अस्पताल के लिपिक नुनु लाल से शो कॉज करते हुवे वेतन निकासी पर रोक लगाने का निर्देश सिविल सर्जन चतरा को दिया गया। जिले में सेक्स रेसियो प्रतिशत गिरने के कारण की जानकारी लेते हुए उन्होंने जांच एवं आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावे अल्ट्रासाउंड केंद्र जांच हेतु प्रखंड स्तर पर टास्क फोर्स के गठन पर विचार विमर्श किया गया एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, जिला आर सी एच पदाधिकारी डॉ ललित रंजन पाठक, स्त्री रोग विशेषज्ञ सदर अस्पताल डॉ प्रणति रीता बाखला, पैथोलॉजीस्ट डॉ प्राची हांसदा,एस एन सी यू प्रभारी डॉ आशीष कुमार, सचिव भारतीय रोड क्रॉस सोसाइटी सचिव धर्मेंद्र पाठक, सरकारी अधिवक्ता सहित अन्य उपस्थित थे।



# मोरहाबादी में देर रात चला बुलडोजर अतिक्रमण हटाने पर दुकानदारों का हंगामा

संवाददाता



**रांची:** शहर के मोरहाबादी मैदान इलाके में बुधवार की रात नगर निगम की ओर से अतिक्रमण हटाओं अभियान चला। इस दौरान 100 से अधिक दुकानों को नगर निगम की टीम ने जब्त कर लिया। नगर निगम की कार्रवाई का जैसे ही दुकानदारों को पता चला उन्होने प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। मोरहाबादी के बिजली ऑफिस से लेकर पंचमुखी मंदिर तक नगर निगम की ओर से अतिक्रमण हटाने का काम किया गया। नगर निगम के 100 से अधिक दुकानों को जब्त किया, कई अवैध निर्माण को भी ध्वस्त किया गया। दुकानदारों को जैसे ही जानकारी मिली वो हंगामा करने लगे और नगर निगम की कार्रवाई को रोकने की कोशिश करने लगे। इस दौरान कई बार नगर निगम की टीम और दुकानदारों में तीखी नोंकझोंक भी हुई। गुरूवार की सुबह नगर निगम की कार्रवाई के विरोध में दुकानदार सड़क पर उतर आये और मोरहाबादी मैदान इलाके को जाम कर दिया। दुकानदार हंगामा करते रहे कि उनके रोजी-रोटी को नगर निगम छीनने का काम कर रही है। सिर्फ उनके ठेले ही नहीं बल्कि सब्जी, फल और दूसरी तरह के कई सामान निगम के द्वारा नष्ट कर दिए गए। दुकानदारों का आरोप है कि बिना सूचना के यह कार्रवाई की गई।

## सीसीएल के सौजन्य से मदर्स इंटरनेशनल स्कूल में नवनिर्मित छह क्लासरूम का उद्घाटन

### सीबीएसई के सत्र 2024-25 में दसवीं एवं 12वीं की परीक्षा में सफल छात्र सम्मानित

संवाददाता



**रांची/ब्राम्बे:** मदर्स इंटरनेशनल स्कूल, जाहेर (ब्राम्बे) में सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड के सौजन्य से कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के तहत नवनिर्मित छह क्लासरूम व टॉयलेट रूम का उद्घाटन सीसीएल के महाप्रबंधक (एसडी एंड सीएसआर) एसएस लाल ने किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि श्री लाल ने मदर्स इंटरनेशनल स्कूल द्वारा शिक्षा व खेलकूद के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीसीएल कोयला उत्पादन के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करते हुए अपने सामाजिक दायित्वों का भी बखूबी निर्वहन करती है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजलापूर्ति, सड़क, बिजली आदि जैसी बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने के प्रति भी सीसीएल सदैव तत्पर रहती है। मेघावी छात्रों और प्रतिभावान खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने की दिशा में भी सीसीएल द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया जाता है। मौके पर मदर्स इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना, महिषासुर मर्दिनी और नागपुरी नृत्य-संगीत की प्रस्तुति से किया गया। छात्रों की प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उद्घाटन समारोह में स्वागत भाषण स्कूल के निदेशक एके झा ने किया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्य डॉ.रोमी झा सहित काफी संख्या में गणमान्य उपस्थित थे। सफल छात्रों को किया गया सम्मानित : मदर्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित समारोह में सीबीएसई की 10वीं और 12वीं कक्षा में सफल छात्रों को सम्मानित किया गया। सीबीएसई की दसवीं की परीक्षा में शत-प्रतिशत छात्र सफल रहे। जिनमें 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्रों की संख्या आठ रही। वहीं,80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्रों में 48 और 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वालों में 122 छात्र शामिल हैं। वहीं 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वालों में चार छात्र, 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले में 13 छात्र और 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले में 34 छात्र शामिल हैं। दसवीं की परीक्षा में टॉप सिक्स में मोबाशिरा इरफान, इशु राज, शौर्य कुमार, मोहम्मद रेहान, पीयूष राज यादव और वारिशा नाज शामिल हैं। वहीं, 12वीं की परीक्षा में टॉप 8 में अंशु कुमारी, श्रेयांश, हर्षवर्धन सिंह, दिव्यांशु साहू, शौर्य गुप्ता, मयंक कुमार झा, आदित्य अरुण व अभिदर्श जगनानी ने परचम लहराया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। समारोह के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य डॉ.रोमी झा ने किया।

## सिल्ली सताकी के अतुल आनंद सीबीएसई 12वीं की बोर्ड परीक्षा में बने विद्यालय टापर



– जिले में प्राप्त किया दूसरा स्थान

मेट्रो रेज

**मुरी:** कहा जाता है मेहनत का फल मीठा होता है कठिन परिश्रम से किसी भी मंजिल को हासिल किया जा सकता है ऐसा ही कर दिखाया है सिल्ली विधानसभा के अति सुंदरवर्ती गांव सताकी निवासी तुलसी महतो के पुत्र अतुल आनंद ने। अतुल ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल प्रगति पथ रांची का छात्र है। अतुल ने बताया के आगे चलकर वह सिविल सर्विस के क्षेत्र में जाना चाहते हैं। इस सफलता श्रेय क्लास के शिक्षक एवं माता-पिता को दिया हैं। उसकी इस उपलब्धि पर अतुल के मामा सिल्ली के पूर्व विधायक सुदेश कुमार महतो, बिरसा मुंडा आर्चरी सेंटर के अध्यक्ष नेहा महतो गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष वीना चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी व अन्य ने अतुल को आर्शीर्वाद व शुभकामनाएं दी है।

## सिल्ली पुराना स्टेशन रोड मुहल्ला में जल संकट

### पानी खरीदने पर मजबूर लोगों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

मेट्रो रेज

मुरी : सिल्ली पुराना स्टेशन रोड मुहल्ला में काफी दिनों से जल समस्या बरकरार है। यहां के लोगों ने विधायक के साथ उसके कार्यकर्ता को समय-समय पर अवगत कराया है। लोग पानी नहीं मिलने के कारण पानी खरीदने को मजबूर है। इसके लिए मुहल्ले के लोगों ने कनीय अभियंता पेयजल आपूर्ति एवं स्वच्छता विभाग के कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। अधिकारी ने समस्या के जल्द समाधान का अश्वासन दिया। कार्यालय के लोगों ने यह भी बताया कि नदी का पानी सुखने से पानी का सप्लाई नहीं हो पाता है।



## सीबीएसई की 10वीं बोर्ड परीक्षा में शत- प्रतिशत रहा एचएम पब्लिक स्कूल, चुटिया का रिजल्ट

मेट्रो रेज

रांचीः सीबीएसई की 10वीं बोर्ड परीक्षा में शत- प्रतिशत रहा एचएम पब्लिक स्कूल, चुटिया का रिजल्ट। छात्रों, अभिभावकों के साथ स्कूल के शिक्षकों का प्रयास से इतना अच्छा रिजल्ट आना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। विद्यालय परिवार सभी उतीर्ण छात्रों का उज्ज्वल भविष्य की कामना अपने परिवार, विद्यालय का नाम रौशन करे।

### सफल छात्रों के लिस्ट

| | | |
|---|---|---|
| 1 आयुषी कुमारी। | 463 | 93% |
| 2. नितेश सिन्हा | 446 | 89.2% |
| 3.आदित्यानंद प्रसाद। | 434 | 86.8% |
| 4.स्नेहा कुमारी | 432 | 86.4% |
| 5. आदर्श कुमार महतो | 428 | 85.6% |
| 6. आयुष वर्मा | 426 | 85.2% |
| 7. आदित्य राज | 417 | 83.4% |
| 8.दीपक कुमार | 416 | 83.2% |
| 9. रमन महतो | 415 | 83% |
| 10. मोहित कुमार रजक | 398 | 79.6% |

## एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों का सीबीएसई 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

मेट्रो रेज

**रांची:** एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने इस वर्ष सीबीएसई की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। दसवीं के सुकून शौर्य ने 95.2% अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर का खिताब हासिल किया है,वही आयुष रंजन ने 90% और अभिषेक कुमार ने 89.8 प्रतिशत लाकर द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।




प्राचार्य शादान आलम, निदेशक कुणाल कश्यप, और सचिव अनुज हेंब्रम ने बच्चों के इस शानदार प्रदर्शन पर खुशी जताई और उन्हें बधाई दी। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।

**12वीं साइंस स्ट्रीम**

- ✔ अभिज्ञा कुमारः 95%
- ✔ प्राची सिंहः 94%
- ✔ स्वर कुमारः 90%

**12वीं कॉमर्स स्ट्रीम**

- ✔ उज्जवल पोद्दारः 86.2%
- ✔ सौम्या कुमारीः 83%
- ✔ ऋषि राज सिंहः 75.4%

## समाजसेवी भैरव सिंह ने ने किया प्याऊ का उद्घाटन

मेट्रो रेज

**रांची:** मातृभूमि राष्ट्रवादी संस्था(सरकार द्वारा पंजीकृत सामाजिक संस्था)की ओर से दो घड़े के प्याऊ का हरमू हाउसिंग कॉलोनी,कार्तिक उरांव चौक के निकट शिव मंदिर परिसर में उद्घाटन किया गया। इस प्याऊ का उद्घाटन मुख्यअतिथि समाजसेवी भैरव सिंह ने लोगों को जल पिलाकर एवं लड्डु खिलाकर किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्था के अध्यक्ष प्रेम वर्मा ने कहा भीषण गर्मी को देखते हुए पहले भी संस्था के द्वारा रांची के अनेक स्थानों पर घड़े का प्याऊ स्थापित किया गया है और आगे भी रांची के विभिन्न स्थानों मे प्याऊ स्थापित किया जाएगा। मौके पर भैरव सिंह ने संस्था के लोगों को इस पुण्यकार्य के लिए बधाई देते हुए कहा यह एक पुण्य सेवाकार्य है। ऐसे सामाजिक एवं पुण्य कार्य में मैं भी हर संभव सहयोग करूंगा। आज के उद्घाटन समारोह में मातृ भूमि संस्था के अध्यक्ष प्रेम वर्मा, सचिव बहुरन लोहारा,संरक्षक विनोद कुमार वर्मा,प्रेम शंकर झा,सुबोध मिश्रा सहित छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा,समाजसेवी संतोष कुमार,शंभु वर्मा,राकेश सहाय व अन्य मौजूद थे।



**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**शुद्धि–पत्र**

सं. ईएल/118/06आर तृतीय (शुद्धपत्र–01)/2024–25/डब्ल्यू 6/टीएफ दिनांक 10.05.2025

मण्डल रेल प्रबन्धक (बिजली) जयपुर द्वारा, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए जारी की गई ई–निविदा के लिये **शुद्धिपत्र–01** (संलग्नक–ए), जारी किया गया है। **एनआईटी संख्याः** ईल/जेपी/06आर तृतीय/2024–25 **कार्य का नामः** JP Div. - Provision of Grid connected roof top solar Power plant at Residential buildings over JP div. (7287 KWp) **अनुमानित लागतः** 301054097.82/- **बयाना राशिः** 1655300/- **निविदा खोलने की तिथिः** 09.06.2025 **(शुद्धिपत्र) जारी करने की तिथिः** 10.05.225 **प्रीबिड कानफ्रेंस की तिथिः** 15.05.2025 **नोटः– ई–निविदा की अंतिम तिथि एवं समयः** निविदा खोलने की तिथि को 15.00 बजे तक। **ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** निविदा खोलने की तिथि को 15.00 बजे के बाद। **सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पताः** www.ireps.gov.in

मण्डल रेल प्रबन्धक (बिजली) जयपुर

547-PM/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

## कर्नल सोफिया बहादुर देशभक्त : फरहाना खातून

मेट्रो रेज

रांचीः कर्नल सोफिया कुरैशी मिशन सिन्दूर को लीड करने वाली भारत कि बेटी जिस पर हम लोगों को नाज है। हमारी सेना कि बहादुर देशभक्त कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन बताया जा रहा है। उपयुक्त बातें समाजसेविका फरहाना खातून ने कहा । उन्होंने कहा कि सोफिया कुरैशी मेरे लिए सगी बहन से भी बढ़कर है। एमपी के मंत्रिमंडल में शामिल कुंवर विजय शाह सोफिया को आतंकवादियों की बहन बता रहा है शहादत को भी हिंदू मुसलमान का रंग दिया जा रहा है। अपने देश के लिए लड़ते हुए बिहार के मोहम्मद इम्तियाज शहीद हो गया उसके जनाजे में सरकार का कोई मंत्री या नेता शामिल नहीं हुआ । फरहाना खातून ने कहा कि सोफिया देश की बेटी है वहीं सैनिकों को अपमान किया जा रहा है । आतंकवादियों के खिलाफ पूरा देश एकजुट है विपक्षी पार्टियां देशहित में एकजुटता का परिचय दिया है ।



### आज से बदलेगा मौसम, लोगों को गर्मी व उमस से मिलेगी राहत

रांचीः राज्य में भीषण गर्मी का सितम जारी है। गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है, लेकिन रांची वासियों को गर्मी से राहत मिलने वाली है। मौसम विभाग के मुताबिक, आज 15 जिलों में दोपहर के बाद वर्षा की संभावना है। इस दौरान मेघ गर्जन और वज्रपात की भी आशंका है। मौसम विभाग के मुताबिक दुमका, साहिबगंज, गोड्डा, देवघर, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो, रामगढ़, रांची, खूंटी, सरायकेला–खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम में बारिश की संभावना है।

### पत्रकार की भतीजी की शादी में भांजे की चाकू मारकर हत्या

सिल्ली : सोनाहातू थाना क्षेत्र के बुकरुडीह गांव में एक युवक की चाकू मारकर हत्या का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि पत्रकार संतोष मेहता के बड़े भाई देवेंद्र कोईरी उर्फ भोंदू की पुत्री की शादी थी। सरायकेला जिला के तिरुलडीह गांव से रात के करीब 2 बजे बाराती पहुँचे थे। बारातियों की सेवा सत्कार के बाद दूल्हे को मंडप पर बैठा कर शादी की रस्म चल रही थी। इसी बीच मंडप से कुछ दूर बाराती में आये दो युवक आपस में लड़ाई कर रहे थे। पत्रकार संतोष मेहता और इनका भांजा नीतीश मेहता 21 बर्ष लड़ाई शांत करने के लिए बीच बचाव करने लगे। इसी दौरान एक युवक ने पत्रकार के भांजे को चाकू मार दिया।

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची**
**Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com**

**अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –02/2025–26**

1. विभाग का नाम :–पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 21.05.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 22.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 22.05.2025 को अपराह्न 3.30 बजे ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8. कार्यो की विवरणी :–

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of toilet cum bath room, sanitary fittings, improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at Dr. quarter No-10 Doctors Colony RIMS Bariyatu Ranchi under D.W.& S. Division Gonda, Ranchi. | 794000.00 | 16000.00 | 1250.00 | 01 Month |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।

PR.NO.352399 Drinking Water and Sanitation(25-26):D

# राज्यपाल ने किया शहीद चानकु महतो की प्रतिमा का अनावरण, योगदान को बताया प्रेरणास्रोत

संवाददाता



रांची/ पूर्वी सिंहभूम : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज पूर्वी सिंहभूम जिलान्तर्गत चाकुलिया प्रखण्ड के भालुकबिंधा ग्राम में स्वतंत्रता सेनानी चानकु महतो की प्रतिमा का अनावरण किया। राज्यपाल महोदय ने वीर शहीद चानकु महतो के साहस और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि यह प्रतिमा केवल एक मूर्ति नहीं, बल्कि इतिहास की जीवंत स्मृति है, जो आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति की प्रेरणा देती रहेगी। उन्होंने कहा कि चानकु महतो न केवल एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि अधिकारों की रक्षा हेतु जनचेतना के अग्रदूत भी थे। राज्यपाल महोदय ने कहा कि चानकु महतो के प्रसिद्ध नारे आपोन माटी, आपोन दाना, पेट काटी निही देबञ खजानाह्व को उद्धृत करते हुए उनके नेतृत्व में संताल परगना में हुए आंदोलन को हूल क्रांति से पूर्व की बड़ी जनक्रांति बताया। उन्होंने कहा कि वीर चानकु महतो जी अपने साथियों के साथ मिलकर संगठित आंदोलन प्रारंभ किया। ऐतिहासिक हूल क्रान्ति में भी सिदो-कान्हु के नेतृत्व में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उन्हें साहेबगंज जिलान्तर्गत भोगनाडीह में वीर सिदो-कान्हु की जन्मस्थली जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ तथा वहाँ वे उनके वंशजों से भी मिले। राज्यपाल ने स्वतंत्रता सेनानियों की विरासत को संजोने की आवश्यकता पर बल देते हुए विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे इन महापुरुषों के ग्रामों में जाकर शोध करें और उनके योगदान को इतिहास में उचित स्थान दिलाने हेतु प्रयास करें।

राज्यपाल महोदय ने हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले का उल्लेख करते हुए कहा कि इस घटना ने पूरे देश को आक्रोश से भर दिया था। निर्दोष-मासूम नागरिकों को धर्म पूछकर, उनके परिवार व बच्चों के सामने बेरहमी से मार डाला। प्रधानमंत्री ने बहुत ही स्पष्ट शब्दों में कहा था कि इस आतंकी हमले के जिम्मेदार आतंकियों और साजिशकर्ताओं को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा दी जाएगी। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों पर, उनके ट्रेनिंग सेंटर्स पर सटीक प्रहार किया। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है। यह भारत शांति चाहता है, लेकिन अगर मानवता पर हमला होता है, तो भारत युद्ध के मैदान में दुश्मन को कुचलना भी जानता है। हमारा देश किसी को छेड़ता नहीं है, लेकिन अगर कोई हमें छेड़े, तो हम उसे छोड़ते भी नहीं हैं। राज्यपाल महोदय ने वीर शहीद चानकु महतो स्मारक समिति को इस सराहनीय पहल हेतु बधाई दी और कहा कि यह प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा देती रहेगी।

**Office of the**
**Deputy Commissioner-cum-District Magistrate, Khunti**
**(District Planning Office)**

Letter No.: 263 Date: 14.05.2025

**NOTICE INVITING OF REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**

**Sub :-** Invitation of Request for Proposal for "Establishment of STEM (Science, Technology, Engineering and Mathematics) Lab and its services in Six (6) Govt. Schools of Khunti District Jharkhand under Innovative Jharkhand Scheme".

District Planning Office, Khunti invites technical and financial consulting firms of repute for **"Establishment of STEM (Science, Technology, Engineering and Mathematics) Lab and its services in Six (6) Govt. Schools of Khunti District Jharkhand under Innovative Jharkhand Scheme"** in Khunti District.

| S.No. | Particular | Details |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of Tender | **15.05.2025** |
| 2. | Last date of Submission of Bid | **31.05.2025** |
| 3. | Date & Time of Opening of Bids | The technical & financial bid will be opened on **02.06.2025, 03:30 PM** for evaluation. |
| 4. | Name and address of office invitingtender | Office of The District Planning Officer, National Highway 75, DC Office, Martin Bunglow Area, Khunti, Jharkhand 835210 |
| 5. | Bid submission Place | District Planning Office, Ground Floor, Vikash Bhawan, Khunti |

**Note :-** For further details please visit https://www.khunti.nic.in.

Sd/-
Deputy Commissioner, Khunti.

PR.NO.352395 District(25-26):D

## सूक्ति

**मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:**
**अटल बिहारी वाजपेय**

## पीएम का दो टूक संबोधन

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 8वें राष्ट्रीय संबोधन में कुछ आह्वान ऐसे किए हैं, जो अभी तक भारत के किसी भी प्रधानमंत्री ने नहीं कहे। देश के नाम इन्हें विश्वास कह लें या प्रधानमंत्री का आश्वासन मान लें अथवा पाकिस्तान के प्रति भारत की हुंकार मान लें, लेकिन प्रधानमंत्री ने इन्हीं आधारों पर देश को संबोधित किया है। ऑपरेशन सिंदूर का एक पड़ाव पार करने के बाद प्रधानमंत्री ने देश को संबोधित किया है। उन्होंने दो टूक लहजे में कहा है कि अब भारत परमाणु ब्लैकमेल बर्दाश्त नहीं करेगा। परमाणु ब्लैकमेलिंग की आड़ में पनपते रहे आतंकियों और उनके ठिकानों पर भारत सटीक और निर्णायक प्रहार करेगा। इस संबोधन के बाद कई रक्षा एवं राजनयिक विशेषज्ञों ने परमाणु बम के पाकिस्तानी हव्वे से राहत और स्वतंत्रता महसूस की है। पाकिस्तान ने तो घुटनों में मुंह छिपा लिया होगा, क्योंकि उसकी परमाणु धमकियों की कलई खुल चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी घोषणा की है कि यदि भविष्य में पाकिस्तान के साथ बातचीत हुई, तो सिर्फ पीओके (पाक अधिकृत कश्मीर) और आतंकवाद पर ही होगी। आतंकवाद और बातचीत, आतंकवाद और व्यापार साथ-साथ नहीं चल सकते। इसी तरह पानी और खून साथ-साथ नहीं बह सकते। यदि अब भारत पर आतंकी हमला किया गया, तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। हम अपने तरीके से और शर्तों पर जवाब देंगे। हर उस जगह कठोर कार्रवाई करेंगे, जहां से आतंकवाद की जड़ें निकलती हैं। पाकिस्तान समझ गया होगा! प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा है कि आतंकपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखा जाएगा। उनकी सजा यही होगी कि भारत उनका सफाया करके ही रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने देश की सेनाओं, सशस्त्र बलों, खुफिया एजेंसियों और वैज्ञानिकों को सलाम किया। वे ही ऑपरेशन सिंदूर के सूत्रधार रहे। प्रधानमंत्री ने सेनाओं और सैनिकों के साहस, शौर्य, पराक्रम को देश की हर मां, बहन, बेटी को समर्पित कर मुद्दे को भावुक बना दिया। उन्होंने पीओके का जिक्र इसलिए किया, क्योंकि भारत उसे अपना अंतरंग और अविभाज्य हिस्सा मानता है। इस संदर्भ में संसद में भी प्रस्ताव पारित किए जा चुके हैं, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर का लक्ष्य और मकसद यह था कि आतंकियों के बड़े-बड़े अड्डे, मुख्यालयों और आतंकियों का सफाया किया जाए। प्रधानमंत्री ने भी माना कि ऑपरेशन सिंदूर का मकसद फिलहाल हासिल किया जा चुका है। उन्होंने जैश-ए-मुहम्मद के मुख्यालय बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा के मुख्यालय मुरीदके को वैश्विक आतंकवाद की यूनिवर्सिटी करार दिया। आतंकी अड्डे और 100 से अधिक खूंखार आतंकी मिट्टी में मिलाए जा चुके हैं। पाकिस्तान के साथ जंगी टकराव या वहां की अवाम हमारे सैन्य ऑपरेशन के लक्ष्य नहीं थे, लेकिन पाकिस्तान की फौज के दुस्साहस के कारण हमारी सेनाओं को ऐसी जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। पाकिस्तान को अंदाजा तक नहीं था कि उसके महत्वपूर्ण एयरबेस, रडार और एयर डिफेंस सिस्टम आदि को इस कदर तबाह कर दिया जाएगा। आतंकियों और पाकिस्तान ने हमारी बहनों-बेटियों का सिंदूर उजाड़ा और भारत ने उनके मुख्यालय उजाड़ दिए। बहरहाल प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पूरे संबोधन में युद्धविराम या सीजफायर का उल्लेख नहीं किया। उन्होंने स्पष्ट किया है कि फिलहाल सैन्य कार्रवाई स्थगित की गई है। इसे अल्पविराम माना जा सकता है। पाकिस्तान ने आतंकी गतिविधि और सैन्य दुस्साहस नहीं करने का आश्वासन दिया है, लिहाजा भारत ने भी उस पर विचार किया है। अब हम इसी कसौटी पर पाकिस्तान के रवैये को मापेंगे। अब आतंकवाद पर यही भारत की राष्ट्रीय नीति होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के मध्यस्थता वाले दावे पर एक शब्द भी नहीं बोला। अलबत्ता सरकार ने ट्रंप के दावों को खारिज करने वाला बयान जरूर जारी किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने मेड इन इंडिया रक्षा उपकरणों और हथियारों पर गर्व करते हुए कहा कि उनकी प्रामाणिकता साबित हो गई है। दुनिया देख रही है कि भारत कितना शक्तिशाली और आत्मनिर्भर देश बन चुका है। बहरहाल हमारी सेनाएं और अर्द्धसैन्य बल लगातार अलर्ट पर हैं। अब ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति है, न्यू नॉर्मल है, लेकिन प्रधानमंत्री ने यह भी हुंकार भरी है कि यह युग युद्ध का नहीं है, लेकिन आतंकवाद का भी नहीं है। पाकिस्तान को आतंकी ढांचे का सफाया करना ही होगा, तभी वह सुरक्षित रहेगा।

## अमेरिका को दो टूक

भारत और पाकिस्तान के बीच वर्तमान समय में चल रहे टकरावों को लेकर मंगलवार को दो घटनाएं हुई जिनका वैश्विक कूटनीति के लिहाज से विशेष महत्व है। सोमवार को राष्ट्र के नाम संबोधन के बाद मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पंजाब के आदमपुर एयरफोर्स स्टेशन पर पहुंचे और पाकिस्तान के झूठ को दुनिया के सामने बेनकाब किया। पाकिस्तान ने इस एयरबेस पर तैनात एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम को ध्वस्त करने का दुष्प्रचार किया था। प्रधानमंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी है। उनके इस वक्तव्य का अर्थ बहुत स्पष्ट है कि पाकिस्तान दोबारा कायराना आतंकी हमला करता है, तो उसे भारतीय सैनिक मुंहतोड़. जवाब देंगे। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तानी सेना को साफ शब्दों में संदेश दिया कि पाकिस्तान में ऐसी जगह नहीं है, जहां आतंकवादी पनाह ले सकें। उन्होंने कहा कि भारत बुद्ध की धरती है तो गुरु गोविंद सिंह जी की भी धरती है। दूसरी ओरङ्क विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड़ ट्रंप के कश्मीर की मध्यस्थता, भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम, संभावित परमाणु टकराव को रोकने के दावे को एक सिरे से खारिज कर दिया। वास्तव में भारत की कश्मीर नीति पारंपरिक है कि इससे जुड़े.किसी भी मुद्दे पर सिर्फ द्विपक्षीय वार्ता होगी और किसी तीसरे देश की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की जाएगी। ट्रंप की छवि अविश्वसनीय और अस्थिर नेता की बन गई है। उन्होंने अपने पहले कार्यकाल के दौरान 2019 में भी इसी तरह का जुमला फेंका था कि प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे कश्मीर पर मध्यस्थता करने को कहा था। जाहिर है कि ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में शांतिदूत की भूमिका निभाने का प्रयास कर रहे हैं। रूस,यूक्रेन, इस्राइल,फिलिस्तीन के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता कराने का श्रेय लेना चाहते हैं। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को सीजफायर की शर्तों पर बातचीत करने के लिए कौन किसके साथ कब संपर्क में था, इसका विस्तृत कालक्रम प्रस्तुत किया जिससे जाहिर होता है कि भारतीय सेना के हमलों से तबाही का जो मंजर सामने आया उससे पाकिस्तान डर गया और भारत से सैन्य कार्रवाई रोकने की गुहार लगाई। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट कर दिया कि पाकिस्तान को गुलाम जम्मू-कश्मीर को खाली करना होगा। कश्मीर हमारा था है और रहेगा। इस मुद्दे पर सिर्फ पाकिस्तान से बात होगी। ॥

# ऑपरेशन सिंदूर : पाकिस्तान को सबक जरूरी

**भारतीय सशस्त्र बलों ने कम समय में पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाकर, पाकिस्तानी सेना और आतंकवादियों पर मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल की है। चूंकि भारत सरकार और रणनीतिकारों ने इस ऑपरेशन से हासिल नतीजों और सफलता का ज्यादा ढिंढोरा नहीं पीटा है, लेकिन जिस अंदाज में मात्र चार दिनों के भीतर पाकिस्तान ने युद्धविराम की पेशकश की है, उससे यह स्पष्ट है कि इस बार पाकिस्तान को माकूल सबक सिखाया गया है। हमारी सशस्त्र सेनाओं ने बड़ी सटीकता और समन्वय के साथ 7 मई को तडके ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया तो वहीं भारत सरकार ने सिंधु जल संधि का निलंबन तथा पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द करने जैसे नीतिगत फैसले लिए।**

**अनुज आचार्य**

जम्मू-कश्मीर राज्य के पहलगाम पर्यटक स्थल बैसरन घाटी में पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों द्वारा 22 अप्रैल 2025 को दिन दिहाड़े 26 गैर-मुस्लिम भारतीय पर्यटकों की निर्मम हत्या से उपजे तनाव के बाद भारत सरकार द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के नाम से की गई जवाबी सैन्य कार्रवाई के बाद शनिवार को युद्ध विराम की खबरों से कई भारतीयों ने जहां राहत की सांस ली है, तो वहीं कई राष्ट्रभक्त भारतीयों को लगता है कि भारत सरकार का यह फैसला जल्दबाजी में लिया गया है। पाकिस्तान द्वारा आतंकवादियों के द्वारा करवाए गए इस हमले का मकसद भारत की अवाम में दहशत फैलाना और हिंदू-मुस्लिम दंगे करवाना था। हालांकि कुछ विशेषज्ञ ऑपरेशन सिंदूर को भारत की सीमित सफलता मान रहे हैं, लेकिन यह सत्य है कि भारतीय सशस्त्र बलों ने कम समय में पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाकर, पाकिस्तानी सेना और आतंवादियों पर मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल की है। चूंकि भारत सरकार और रणनीतिकारों ने इस ऑपरेशन से हासिल नतीजों और सफलता का ज्यादा ढिंढोरा नहीं पीटा है, लेकिन जिस अंदाज में मात्र चार दिनों के भीतर पाकिस्तान ने युद्धविराम की पेशकश की है, उससे यह स्पष्ट है कि इस बार पाकिस्तान को माकूल सबक सिखाया गया है।

हमारी सशस्त्र सेनाओं ने बड़ी सटीकता और समन्वय के साथ 7 मई को तडके ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया तो वहीं भारत सरकार ने सिंधु जल संधि का निलंबन तथा पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द करने जैसे नीतिगत फैसले लिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पाकिस्तान को खुली चेतावनी देते हुए कहा है कि अब अगर सीमा पार से गोली चलेगी, तो भारत गोलों से उनका जवाब देगा। प्रधानमंत्री के अनुसार पानी और खून एक साथ नहीं बहेगा, भारत न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग नहीं सहेगा। मेजर जनरल (रि.) जीडी बख्शी भी कहते हैं कि यदि आज आप पाकिस्तान से अच्छे तरीके से नहीं निपटोगे, नहीं लड़ोगे तो ये फिर आएंगे, माना कि आप युद्ध नहीं चाहते, लेकिन पाकिस्तान युद्ध चाहता है। इस दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दुनिया के लोग भी सक्रिय रहे और सोशल मीडिया में छद्म रील्स के द्वारा लोगों को भ्रमित करते रहे। जिस एक अन्य बात को लेकर लोगों में बड़ी निराशा हुई है वह है अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा युद्धविराम की घोषणा को लेकर ट्वीट किया जाना और मध्यस्ता का प्रस्ताव रखना। भारतीयों का मानना है कि ट्रंप खामख्वाह हीरो बनने की कोशिश कर रहे हैं। भारत सरकार की एक अन्य महत्वपूर्ण घोषणा भी गौरतलब है कि, भारत अब भविष्य में देश के अंदर होने वाली एक भी आतंकी घटना को अपने खिलाफ युद्ध मानेगा। इसका सीधा अर्थ यह हुआ कि भविष्य में ऐसी आतंकी कार्रवाईयों के खिलाफ जवाबी सैन्य कार्रवाई के लिए भारत ने खुद को स्वतंत्र घोषित कर दिया है। ऐसा माना जा रहा है कि कहीं 1971 जैसा न हाल हो जाए, इस खौफ से भी पाकिस्तान ने सीजफायर की पेशकश की है और बिना किसी शर्त के भारत के आगे झुका है। वैसे भी पाकिस्तान के अंदरूनी हालात, खराब आर्थिक दशा, सेना की दखलअंदाजी और भारत की ओर से किए गए सटीक आक्रमणों के कारण हुए नुकसान जैसे कारणों की वजह से भी पाकिस्तान युद्धविराम करने के लिए मजबूर हुआ है। भारत-पाकिस्तान के इस सीमित संघर्ष के बाद निश्चित तौर पर भारत सरकार में समीक्षाओं का दौर जारी रहेगा।

सरकार को चाहिए कि रूस के साथ अपने संबंधों को मजबूत बनाए रखे, जिनके एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली के चलते पाकिस्तानी ड्रोन्स और मिसाइल हमलों को नाकाम किया गया। वहीं भारत सरकार अंदरूनी तौर पर भ्रष्टाचार पर लगाम लगाए, टैक्स चोरी रोकने के लिए कारगर उपाय करे और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में अव्वल बने रहने के लिए अपनी अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाए। भारत सरकार को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा नीति की समीक्षा करने की भी जरूरत है। अग्निवीर की जगह नियमित सैनिकों की भर्ती को दोबारा शुरू किया जाए, शॉर्ट सर्विस कमिशन धारक अफसरों को नियमित जाए ताकि वर्षों की उनकी ट्रेनिंग और अनुभव का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाया जा सके। ड्रोन्स, मिसाइलों, सैन्य उपकरणों, लड़ाकू विमानों एवं हथियारों की तुरंत खरीद की जाए। तथाकथित राष्ट्रीय मीडिया/टेलीविजन न्यूज चैनल वाले लोग पाकिस्तान के शहरों पर भारतीय सैनिकों के कब्जे एवं प्रवेश की भ्रामक खबरें देते रहे। ऐसे झूठे चैनलों और उनके एंकरों पर रोक लगाया जाना बहुत जरूरी है। इस सारे घटनाक्रम में भारतीय सेना की एयर डिफेंस आर्टिलरी की प्रतिरोधी आक्रमणकारी जवाबी कार्रवाइयां शानदार रहीं और भारतीय क्षेत्र में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। हमारी सशस्त्र सेनाओं ने सफलतापूर्वक पाकिस्तानी ड्रोन्स और मिसाइलों को पाकिस्तानी सीमा में ही समाप्त कर दिया, मार गिराया। भारतीय नौसेना ने कराची बंदरगाह के निकट पहुंचकर घेरेबंदी की तो हमारे सैन्य ट्रूप्स एवं तोपखाना एलओसी और अंतरराष्ट्रीय सीमा के साथ लगे मोर्चों पर जांबाजी से डटे रहे और अपनी बहादुरी का परिचय दिया। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत के सभी राजनीतिक दलों की एकजुटता सराहनीय रही। लेकिन भारतीय जनता को अभी भी लगता है कि पाकिस्तान को अच्छा सबक सिखाया जाना चाहिए था। खुशी की बात है कि हमारे सशस्त्र सेनाओं के शीर्ष कमांडरों ने नपे-तुले कूटनीतिक अंदाज में प्रेस कांफ्रेंस कर पाक के नापाक मंसूबों से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मीडिया द्वारा लोगों को अवगत कराया। रामधारी सिंह दिनकर ने अपने खंड काव्य रश्मिरथी में लिखा भी है कि, जब नाश मनुज पर छाता है, पहले विवेक मर जाता है, और रामचरित मानस में तुलसीदास जी लिखते हैं कि, भय बिनु होइ न प्रीति। आशा है पाकिस्तान इन शब्दों के गूढ़ अर्थ को तलाशने और समझने की कोशिश करेगा और अपनी भूमि में आतंकवादियों को पोषित करना बंद करेगा।

# आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में भी संकोच नहीं

**भारत की कूटनीति में भी महत्वपूर्ण बदलाव आया है। मोदी सरकार ने पाकिस्तान के साथ बातचीत और व्यापार को रोकने का निर्णय लिया है। इस निर्णय ने भारत के समक्ष आतंकवादियों और उनके संरक्षकों के खिलाफ और भी सख्त कदम उठाने की अनुमति दी है। भारत का यह दृष्टिकोण उसे वैश्विक मंच पर एक सशक्त स्थिति में रखता है, जिससे वह आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई कर सकता है। यह डॉक्ट्रिन पाकिस्तान द्वारा किए गए परमाणु धमकियों के खिलाफ भी एक ठोस जवाब है। भारत ने यह साबित किया कि उसे परमाणु हथियारों का डर नहीं है और वह किसी भी प्रकार के आतंकी हमलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में सक्षम है।**

**केएस. तोमर**

हमारे प्रधानमंत्री के मत और विचारधारा (मोदी डॉक्ट्रिन) ने पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिक्रिया को पूरी तरह से बदल दिया है। दशकों से सीमा पार आतंकवाद को संयमित प्रतिक्रियाओं और कूटनीतिक वार्ताओं के माध्यम से निपटा गया, लेकिन मोदी के नेतृत्व में भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि आतंकवादी हमले अब युद्ध की घटनाओं के रूप में माने जाएंगे और इन पर कड़ी सैन्य प्रतिक्रिया होगी। मोदी के भाषण में यह संदेश था कि भारत अब आतंकवाद के खिलाफ किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरतेगा। भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा सीमा पार हमला करना और आतंकवादी शिविरों का नष्ट करना इस नई नीति का मुख्य पहलू बन चुका है। यह रणनीति पाकिस्तान और अन्य आतंकवाद प्रायोजित देशों के खिलाफ भारत की नीति को निर्णायक रूप से बदलेगी। भारत ने 2016 में उरी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 में पुलवामा हमले के बाद बालाकोट एयरस्ट्राइक जैसी कार्रवाइयों के माध्यम से यह दिखा दिया कि वह आतंकवादियों और उनके संरक्षकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा। मोदी ने यह सिद्ध कर दिया कि आतंकवादियों को, चाहे वे किसी भी देश से हों, अब राज्य-प्रायोजित आतंकवादी के रूप में माना जाएगा और उन्हें इसी आधार पर कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। भारत की इस नीति ने पाकिस्तान के परमाणु हथियारों के डर को भी नकारा है। पाकिस्तान यह प्रचार करता रहा है कि उसके परमाणु शस्त्रागार के कारण भारत जवाबी हमले से डर सकता है, लेकिन मोदी सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत किसी भी आतंकी हमले के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी की यह नीति भारत को आतंकवाद के खिलाफ एक सशक्त, आत्मविश्वासी और निर्णायक राष्ट्र के रूप में स्थापित कर रही है। भारत की नई सुरक्षा नीति ने वैश्विक मंच पर पाकिस्तान के आतंकवाद के नेटवर्क को उजागर किया है और उसे अंतरराष्ट्रीय समुदाय में अलग-थलग किया है। भारत के रुख ने वैश्विक शक्तियों को यह सोचने पर मजबूर किया है कि आतंकवाद को किसी भी प्रकार से प्रायोजित करने वाले देशों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस डॉक्ट्रिन ने पाकिस्तान के आतंकवादियों को अब केवल एक आतंकी समूह के रूप में नहीं देखा, बल्कि इसे राज्य-प्रायोजित आतंकवाद के रूप में माना गया। भारत ने यह साबित किया है कि वह पाकिस्तान द्वारा प्रशिक्षित आतंकवादियों के खिलाफ सामरिक कार्रवाई करेगा। इससे भारत की आतंकवाद विरोधी नीति को वैश्विक स्तर पर समर्थन मिला है और यह स्पष्ट संदेश दिया गया है कि आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में भारत किसी भी प्रकार के नरम रवैये को बर्दाश्त नहीं करेगा। भारत की यह नीति पाकिस्तान और अन्य देशों को यह संदेश देती है कि अगर कोई देश आतंकवाद को बढ़ावा देता है या इसे शरण देता है, तो उसे इसके परिणाम भुगतने होंगे। यह एक मजबूत और निर्णायक दृष्टिकोण है, जो किसी भी प्रकार के आतंकवाद या सुरक्षा खतरे का सामना करने के लिए भारत को तैयार करता है। भारत की कूटनीति में भी महत्त्वपूर्ण बदलाव आया है। मोदी सरकार ने पाकिस्तान के साथ बातचीत और व्यापार को रोकने का निर्णय लिया है। इस निर्णय ने भारत के समक्ष आतंकवादियों और उनके संरक्षकों के खिलाफ और भी सख्त कदम उठाने की अनुमति दी है। भारत का यह दृष्टिकोण उसे वैश्विक मंच पर एक सशक्त स्थिति में रखता है, जिससे वह आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई कर सकता है। यह डॉक्ट्रिन पाकिस्तान द्वारा किए गए परमाणु धमकियों के खिलाफ भी एक ठोस जवाब है। भारत ने यह साबित किया कि उसे परमाणु हथियारों का डर नहीं है और वह किसी भी प्रकार के आतंकी हमलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में सक्षम है। सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट एयरस्ट्राइक ने यह साबित कर दिया है कि भारत किसी भी आतंकी हमले के खिलाफ अपनी संप्रभुता की रक्षा करने के लिए तैयार है। मोदी की इस आतंकवाद विरोधी नीति ने भारत को एक नया रूप दिया है। यह नीति न सिर्फ पाकिस्तान के आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई है, बल्कि भारत की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा करने की प्रतिबद्धता भी है। भारत ने यह संदेश दिया है कि वह अपनी सुरक्षा के लिए किसी भी खतरे को नकारने के लिए तैयार है, चाहे वह पाकिस्तान हो या कोई अन्य देश। भारत के सैन्य संचालन ने यह भी सिद्ध कर दिया है कि वह आतंकवादियों को सीमा पार से निशाना बनाने में सक्षम है और इसने वैश्विक शक्तियों को यह अहसास दिलाया है कि आतंकवाद के खिलाफ कोई भी जवाबी कार्रवाई वैध हो सकती है। अब भारत को आतंकवाद के खिलाफ अपनी सुरक्षा नीति को मजबूत करने के लिए और अधिक वैश्विक समर्थन मिल रहा है। यह डॉक्ट्रिन केवल एक रक्षा नीति नहीं, बल्कि भारत की सामरिक पहचान और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति उसका दृष्टिकोण है। मोदी सरकार ने साबित कर दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ युद्ध के लिए भारत को संकोच नहीं होगा। आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में भारत कोई भी कड़ी कार्रवाई करने के लिए तैयार है। यह नीति देश के सुरक्षा परिप्रेक्ष्य को बदलते हुए वैश्विक मंच पर आतंकवाद के खिलाफ मजबूत और निर्णायक नेता के रूप में स्थापित करती है। मोदी की आतंकवाद विरोधी नीति न केवल पाकिस्तान के लिए, बल्कि अन्य आतंकवाद प्रायोजित देशों के लिए भी एक चेतावनी है कि अब और कोई नरमी नहीं बरती जाएगी।

# मन का संपूर्ण समर्पण

**चिंतन-मनन**

जो हुआ, वह अच्छा हुआ, जो हो रहा है, वह अच्छा हो रहा है और जो होगा, वह भी अच्छा ही होगा। तुम भूत का पश्चाताप न करो। भविष्य की चिंता न करो। वर्तमान चल रहा है। श्रीमद्भगवतगीता के इस सार रूपी सबक से विश्व के अधिकांश लोग, उसमें भी भारत के बहुसंख्य लोग अच्छी तरह वाकिफ हैं। किंतु हममें से कितने लोग इस बात को जानते होंगे कि सर्व शास्त्र शिरोमणि भगवत गीता का सार केवल एक शब्द में ही समझा जा सकता है। शायद ही किसी ने इस बारे में कभी सोचा होगा। जी हां! 18वें अध्याय के 65वें श्लोक में बोला गया वह भगवानुवाच शब्द है मनमनाभव अर्थात ह्यअपने चित्त को पूरी तरह से मुझे समर्पित कर दो, सिर्फ मेरे लिए कर्म करो और श्रद्धापूर्वक अपने सभी कार्य मुझे अर्पण करो, तो तू मुझे ही प्राप्त होगा। यह श्लोक सर्वशक्तिमान परमात्मा के दृढ़ आश्वासन के साथ समाप्त होता है। जिसमें यह स्पष्ट कहा गया है कि जो व्यक्ति ईश्वर के प्रति अपने मन को स्थिर कर स्वयं को उस सर्व शक्तिमान को सच्चे दिल से समर्पित करता है, वह निश्चित रूप से पंच महाभूतों के बने इस शरीर एवं उससे उत्पन्न होने वाले सभी बंधनों से मुक्त हो जाएगा। यह उपदेश व आश्वासन देने के पीछे का कारण स्पष्ट है क्योंकि हम सभी जानते हैं और कुछ अंश तक मानते भी हैं कि प्रत्येक मनुष्य के दुःख का मूल कारण उसके अपने शरीर, शारीरिक संबंधियों, उसकी संपत्ति, अपने देश एवं भाषा इत्यादि के अंदर का अति मोह व बुद्धियोग है। तो यदि मनुष्य सभी तरफ से अपना बुद्धियोग हटाकर उस एक ज्योति बिंदु में लगाकर मैं और मेरे के बनाए हुए अपने ही जंझाल से बहार निकलकर खुद को उस एक के प्रति समर्पित कर देता है, तो वह सही मायने में सभी प्रकार की उलझनों से मुक्त हो जाता है। भगवत गीता के माध्यम से सर्वशक्तिमान परमात्मा स्नेहभाव से हम सभी वत्सों को उनके द्वारा प्रतिपादित पवित्र सिद्धांतों को जिसे श्रीमत कहते हैं, उसका पालन करने की सलाह देते है। यह श्रीमत अपने प्रिय वत्सों के प्रति परमेश्वर की शुभ इच्छा को दशार्ती है। अतः जो अपने मन की मत अर्थात मनमत को छोड़ श्री की दी हुई मत अर्थात श्रीमत को अपनाकर स्वयं को परमात्मा का दिव्य साधन समझकर हर कर्म करता है, उसके भीतर सभी आंतरिक संघर्ष खत्म हो जाते हैं और वह अतीन्द्रिय सुख के झूले में आनंदित होकर झूलता रहता है। इसलिए हमें यह अच्छी तरह याद करना चाहिए कि परमेश्वर को मन-बुद्धि से आत्मसमर्पण करके हम उनके अधीन नहीं हो जाते अपितु हम तो अनेक प्रकार के मानसिक व शारीरिक बंधनों से मुक्त होकर उड़ता पंछी बन परमात्मा को अपना निरंतर साथी बनाकर निश्चिंत होकर खुले गगन में विहार करते हैं।

## पत्र

### विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट को अलविदा

भारत में नेशनल गेम हाकी है, परंतु इमोशनल गेम अस्सी और नब्बे के दशक से ही क्रिकेट है। यहां क्रिकेट खेल से कहीं अधिक एक धर्म, एक जुनून और सामूहिक पागलपन है। मैं भी बचपन से क्रिकेट प्रेमी रहा हूं। मेरे गृह प्रांत हिमाचल प्रदेश में क्रिकेट का क्रेज नब्बे के दशक से ही चरम पर है। मेरे पैतृक कस्बे भरेड़ी के इर्द-गिर्द के लगभग हर छोटे-बड़े गांव की क्रिकेट टीम हुआ करती थी। क्रिकेट के प्रति दीवानगी ऐसी कि उन दिनो सीमित साधनों में ही हर आयु वर्ग के लोग या तो क्रिकेट खेलते थे या स्थानीय टूर्नामिंट से लेकर अंतरराष्ट्रीय मैचों के दर्शक थे। इसी क्रिकेट को नई ऊंचाई देने वाले विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को अब अलविदा कह दिया है। सुनील गावस्कर, कपिल देव, सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली का योगदान सबसे ऊपर आंका जा सकता है।

**मनीष रंजन, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :**
**www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज़ ब्रीफ

## एसडीएम ने अवैध मिट्टी लदा ट्रैक्टर पकड़ा



**साहिबगंज/उधवा :** अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो ने अवैध मिट्टी खनन पर सख्ती दिखाते हुए बुधवार को मिट्टी से लदा एक ट्रैक्टर जब्त कर लिया। जब्त ट्रैक्टर को राधानगर थाने को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार, राजमहल के एसडीएम को गुप्त सूचना मिली थी कि राधानगर थाना क्षेत्र के गंगा किनारे से अवैध रूप से मिट्टी का खनन करके ट्रैक्टरों से परिवहन किया जा रहा है। इस सूचना की पुष्टि के बाद एसडीएम महतो मिट्टी से लदे ट्रैक्टर को पकड़ने के लिए उधवा पहुंचे और पाकीजा मोड़ पर उसे जब्त कर लिया। गौरतलब है कि मंगलवार को ही एसडीएम महतो ने उधवा प्रखंड कार्यालय में अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद अवैध खनन और ट्रैक्टरों के चलने की सूचना मिलने पर उन्होंने त्वरित कार्रवाई की। एसडीएम के उधवा पहुंचने की खबर से मिट्टी माफियाओं में हड़कंप मच गया। इस संबंध में एसडीएम सदानंद महतो ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर को आगे की कार्रवाई के लिए राधानगर थाने को सौंप दिया गया है। मौके पर बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी भी मौजूद थे।

## उधवा में आवास योजना की समीक्षा, लापरवाह लाभार्थियों को नोटिस का निर्देश



**साहिबगंज/उधवा :** बुधवार को उधवा प्रखंड सभागार में बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आवास योजना को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की गई।बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी ने अबुआ आवास योजना के तहत प्रथम, द्वितीय और तृतीय किस्त की राशि प्राप्त करने के बावजूद काम शुरू नहीं करने वाले लाभार्थियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने ऐसे सभी लाभार्थियों को तत्काल नोटिस जारी करने का निर्देश दिया, जिन्होंने राशि लेने के दो महीने बाद भी निर्माण कार्य आरंभ नहीं किया है। बीडीओ ने स्पष्ट रूप से कहा कि नोटिस मिलने के एक सप्ताह के भीतर यदि कार्य शुरू नहीं किया जाता है, तो इसे लापरवाही माना जाएगा और उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आवास योजना के कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं करने की चेतावनी दी और सभी कर्मियों को लंबित आवास निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया।बैठक में प्रखंड समन्वयक आवास संदीप कुमार, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक हारून रशीद, जनसेवक ओमप्रकाश साहा, दिसंबर दास, उदय कुमार, विनोद कुमार, सिंकदर अली, प्रेमनंदन चौड़े, रोजगार सेवक राम प्रसाद चौधरी सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## जिला शिक्षा अधीक्षक ने विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया दिए आवश्यक निर्देश



**साहिबगंज :** जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष द्वारा उर्दू मध्य विद्यालय साहिबगंज व उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय छोटा पंचगढ़ धंगडसी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मिड-डे मील की गुणवत्ता, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति की स्थिति का जायजा लिया।विद्यालयों में उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए उन्होंने पठन-पाठन व्यवस्था में सुधार लाने की बात कही। एएमडीएम के तहत तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने हेतु विद्यालय प्रबंधन को समुदाय और अभिभावकों से लगातार संवाद बनाए रखना होगा।उन्हें विद्यालयों में कई जगहों पर साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं मिली जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। हर्ष ने शिक्षकों से अपील की कि वे समय पर विद्यालय पहुंचे व विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करें।इस अवसर पर संबंधित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी व अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## पाकिस्तानी आतंकी का साथ देने वाले को भी भारतीय सेना ने मुंह तोड़ दिया जवाब : पूर्व विधायक




**साहिबगंज :** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर भाजपा नगर की ओर से आज सुबह गांधी चौक से भव्य तिरंगा यात्रा भाजपा नगर अध्यक्ष संजय पटेल के नेतृत्व में निकाला गया। जिसमे पूर्व भाजपा विधायक अनंत ओझा शामिल रहे। तिरंगा यात्रा में 100 मीटर तिरंगा लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम सहित भारतीय जवानों का जयकारा लगाया गया। तिरंगा यात्रा मुख्य मार्गो का भ्रमण करते हुए शहीद भगत सिंह चौक पूर्वी फाटक समीप समाप्त हुआ।ऑपरेशन सिंदूर के तहत हिंदुस्तानी सेना ने पाकिस्तान में घुसकर पाकिस्तानी आतंकवादियों के अड्डे को खत्म किया। पाकिस्तानी आतंकी का साथ देने वाले को भी भारतीय सेना ने मुंह तोड़ जवाब दिया। जिसमें हजारों ड्रोन, दर्जनों लड़ाकू विमान, मिसाइल, हवाई रक्षा प्रणाली सहित अन्य जमीदोज किया गया।

# क्षेत्र के युवाओं में संथाली भाषा के प्रति गहरा प्रेम है : कुलपति




मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमका :** सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के स्नातकोत्तर संथाली विभाग में बुधवार को नवनामांकित छात्र-छात्राओं के लिए भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कुनुल कंदीर, प्रतिकुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. जैनेंद्र यादव, संथाली विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुशील टुडू, डॉ. शर्मिला सोरेन तथा डॉ. अमित मुर्मू उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. कुनुल कंदीर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि संथाली विभाग में इतनी बड़ी संख्या में नामांकन होना यह दर्शाता है कि क्षेत्र के युवाओं में संथाली भाषा के प्रति गहरा प्रेम है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहते हुए अध्ययन करने की सलाह दी तथा विश्वविद्यालय परिसर को रैगिंग मुक्त बनाए रखने की अपील की। साथ ही छात्रों को शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने और स्थानीय समस्याओं पर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने जैव विविधता को बनाए रखने हेतु पौधारोपण करने का भी आग्रह किया।

प्रतिकुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के अनुशासन व संस्कृति में ढलने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि स्वागत समारोह की यह परंपरा अत्यंत सराहनीय है और इससे छात्रों के सर्वांगीण विकास को बल मिलता है। उन्होंने छात्रों से आगामी दो वर्षों का सदुपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि यही समय उनके जीवन की दिशा और दशा तय करेगा। साथ ही यह भी कहा कि छात्रों की सफलता से ही विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ती है।

समारोह के दौरान अन्य वक्ताओं ने भी छात्रों को समय का सदुपयोग करते हुए पूरे मनोयोग और निष्ठा के साथ अध्ययन में जुटने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यह समय विद्यार्थियों के जीवन की नींव है, जिसे सही दिशा में लगाना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्नातकोत्तर संथाली विभाग के शोधार्थियों एवं पीजी सेमेस्टर चार के विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के जनसंपर्क पदाधिकारी दीपक कुमार दास ने बताया कि कार्यक्रम पूरी तरह सफल और प्रेरणादायी रहा, जिसमें विभागीय छात्रों का योगदान सराहनीय रहा।

## लूटपाट के उद्देश्य से घूम रहा युवक को पुलिस ने दबोचा

**साहिबगंजः** लूटपाट की योजना बना कर देसी कट्टा लेकर घूम रहे एक युवक को बोरियों पुलिस ने धर दबोच लिया है साथ ही दो जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। इस मामले की जानकारी देते हुए एसडीपीओ किशोर तिर्की ने पत्रकारों को बताया मंगलवार को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक देशी कट्टा लेकर बोरियो बाजार स्थित यादव चौक के पास घुम रहा है। इस मामले की जानकारी वरिय पदाधिकारी को देते हुए उक्त सुचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्यवाही करते हुए यादव चौक से बोरियों कोरंगा टोला निवासी डोमन हेम्ब्रम को पकड़ा गया। पकड़े गए डोमन हेम्ब्रम का तलाशी लिया गया तो उसके पास से एक देशी कट्टा और दो जिंदा गोली बरामद किया गया। पूछताछ में डोमन ने बताया गया कि कट्टा एवं गोली वे अपने चचेरे भाई से लिया था एवं लूट की उद्देश्य से यादव चौक में धुम रहे थे। छापेमारी के दौरान बोरियों थाना प्रभारी पंकज वर्मा,एसआई रामधन उरॉव,आ० शिव कुमार हॉसदा, ब्रहमदेव हॉसदा, रिर्जव गार्ड मौजूद थे।

## डीसी ने भवन प्रमंडल योजनाओं की समीक्षा की, कार्यों में देरी पर जताई नाराजगी



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में भवन प्रमंडल अन्तर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भवन प्रमंडल द्वारा जिले में संचालित विभिन्न निर्माण योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले के सात गोदामों की मरम्मती का कार्य किया जाना है, जिनमें से दो गोदामों में कार्य प्रगति पर है, जबकि शेष पांच गोदामों के लिए इकरारनामा की प्रक्रिया जारी है। इस पर उपायुक्त ने गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि सभी कार्यों को हर हाल में 15 अगस्त से पूर्व पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जो संवेदक निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं करते हैं, उन्हें काली सूची ब्लैक लिस्ट में डालने से प्रशासन पीछे नहीं हटेगा।समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न प्रखंडों में नवनिर्मित जेएफसी झारखंड फूड कॉरपोरेशन के गोदामों के लिए भूमि चिन्हांकन को लेकर भी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा, आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को गुणवत्ता एवं समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।मौके पर अपर समाहर्ता गौतम भगत, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, भवन प्रमंडल के सहायक अभियंता कनीय अभियंता समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## पुलिस ने हत्यारा को पकड़ा



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** रांगा थाना क्षेत्र के घटियारी गांव में सोमवार की देर रात्रि धारदार हथियार से मार कर अपने सास की हत्या कांड संख्या 56/25 करने वाला हत्यारा को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल किया है।जिसकी जानकारी बुधवार को बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नितिन खंडेलवाल ने रांगा थाना परिसर में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर देते हुए बताया कि मंगलवार को सुबह तकरीबन 6:30 बजे सूचना मिली कि रांगा थाना क्षेत्र के घटियारी गांव में एक महिला को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है।सूचना के आलोक में सन्हा दर्ज कर वरिय पुलिस पदाधिकारी को सूचित करते हुए सूचना के सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस पदाधिकारी सशस्त्र बल के साथ मौके पर पहुंचे ।जहां शव को कब्जे में लेकर पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ की इस घटना के पीछे मृतक महिला का दामाद मेघराय मरांडी पिता सकल मरांडी ग्राम समलापुर नीचे टोला, थाना तीनपहाड़ के द्वारा अंजाम दिया गया है।जिन्होंने आपसी विवाद में धारदार हथियार कुल्हाडी से मार कर अपनी सास छपरा मरांडी की हत्या कर दिया।तत्पश्चात अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नितिन खंडेलवाल के नेतृत्व में छापेमारी दल गठित कर अभियुक्त के संभावित ठिकानों पर छापेमारी की गई और तकनीकी शाखा से प्राप्त डाटा के आधार पर अभियुक्त मेघराय मरंडी पिता सफल मरांडी को बाकुडी रेलवे परिसर के समीप से गिरफ्तार किया गया।जिसके स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर घटनास्थल के समीप झाड़ी से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी एवं अन्य सामान भी बरामद किया गया।घटना के सफल उद्वेदन में सीडीपीओ नितिन खंडेलवाल, पुलिस निरीक्षक सुधीर कुमार पोद्दार, थाना प्रभारी अखिलेश कुमार यादव, अनुसंधान कर्ता अभिषेक कुमार, एस आई गौरव भगत, एएसआई अरविंद सोरेन सहित अन्य शामिल थे।

## नाली के विवाद में पड़ोसी ने की महिला की हत्या

**दुमका :** नाली के विवाद में एक घर के पड़ोसी ने बुधवार देर शाम एक महिला की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी। बताते चलें कि नगर थाना क्षेत्र के पुराना दुमका केवट पाड़ा कब्रिस्तान रोड मे दो घरों के आपसी विवाद को लेकर कहा सुनी इतनी बढ़ गई की मामला हत्या तक जा पहुंचा। हत्या का आरोप महिला के पड़ोसी छोटू पर लगा है। घटना के बाद आरोपी फरार बताया जा रहा है। मृतिका महिला का नाम विमला देवी व पति मनोज कुमार सिंह है।मृतका के पति सरैयाहाट में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। घटना की सूचना थाना को दी गई। सूचना मिलते ही नगर तथा मुफस्सिल थाना प्रभारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अनुसंधान में जुट गई है। पड़ोसियों ने बताया कि घटना के वक्त घर में पति मनोज कुमार सिंह मौजूद नहीं थे।

## वन विभाग की बड़ी कार्रवाई चार अजगर के बच्चों का किया रेस्क्यू



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/तालझारी :** वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए वन विभाग ने मंगलवार को चार अजगर के बच्चों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर जंगल में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया।यह पूरी कार्रवाई ग्राम कल्यानचक में ग्रामीणों की सतर्कता और तत्परता की बदौलत संभव हो सकी।घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।वहां पहले से मौजूद ग्रामीणों ने अजगर के बच्चों को घेरकर सुरक्षित कर लिया था।तत्परता दिखाते हुए रेंजर पंचम दुबे,वनरक्षी पप्पू यादव,प्रेम कुमार सहित अन्य वनकर्मियों ने मिलकर सभी अजगर बच्चों को बिना किसी नुकसान के पकड़ा और उन्हें सुरक्षित स्थान पर जंगल में छोड़ दिया गया।रेस्क्यू ऑपरेशन की सफलता पर डीएफओ श्री प्रबल गर्ग ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा,₹वन्यजीवों की रक्षा में ग्रामीणों की भूमिका बेहद अहम है।आपकी सतर्कता और वन विभाग से सहयोग ने इन अजगर बच्चों की जान बचाई।ऐसी जागरूकता और भागीदारी से ही हम प्रकृति और जीवों का संतुलन बनाए रख सकते हैं। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि यदि वे किसी भी वन्यजीव को खतरे में देखें या किसी अनहोनी की आशंका हो,तो तत्काल विभाग को सूचना दें।इस रेस्क्यू ऑपरेशन ने न सिर्फ वन्यजीवों की सुरक्षा का संदेश दिया,बल्कि वन विभाग और ग्रामीणों के बीच मजबूत समन्वय का उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

## साहिबगंज का बालक मुरादाबाद से रेस्क्यू

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** केंद्रीय रेलवे रेल यात्री संघ के सहयोग से आज साहिबगंज शहर के गांधी रोड का रहने वाला अमन डोकानिया पिता सतीश डोकानिया जो वर्तमान समय में कोलकाता में रह रहे हैं।और यह बालक वहीं पढ़ाई कर रहा था ।अचानक कल घर से गुस्सा कर निकल गया और वहां से उपासना एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ लिया इसके बाद यह जानकारी साहिबगंज के ही कुछ लोगों द्वारा केंद्रीय रेलवे रेल यात्री संघ के केंद्रीय अध्यक्ष विष्णु खेतान को दी गई।विष्णु खेतान ने बताया कि केंद्रीय रेलवे रेलयात्री संघ का व्हाट्सएप ग्रुप 139/सेवा ही संकल्प के माध्यम से सूचना दी गई थी। उसके बाद मुरादाबाद आरपीएफ प्रभारी के सहयोग से इसको बरामद किया गया केंद्रीय रेलवे रेलयात्री संघ संपूर्ण भारतवर्ष में आरपीएफ और जीआरपी के संयुक्त तत्वाधान में हजारों बच्चों को अभी तक रेस्क्यू किया है।उन्होंने बताया कि बालक को तत्काल आरपीएफ जीआरपी के सहयोग से मुरादाबाद स्टेशन पर उतार लिया गया।उन्होंने बताया कि हम लोग लगातार ऐसे बच्चों को जो घर से भाग जाते हैं या कहीं छूट जाते हैं और मानव तस्करी में ले जाया जा रहे बच्चों को भी रेस्क्यू करने का काम कर रहे हैं।केंद्रीय रेलवे रेल यात्री संघ की अपील है कि किसी भी प्रकार के बच्चों का यदि रेल मार्ग से जाना हो रहा है और किसी भी प्रकार की समस्या है तो हमें तुरंत सूचित करें।

## अवैध पत्थर चिप्स लदे वाहन जब्त



मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमका :** जिले केउपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे निर्देश के आलोक में डीएमओ आनंद कुमार के द्वारा अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन को लेकर कार्रवाई की गई है। डीएमओ के निर्देश पर रिंग रोड दुमका में अवैध तरीके से पत्थर चिप्स ले जाते खान निरीक्षक ब्रह्मदेव यादव एवं गौरव कुमार सिंह के द्वारा वाहन पकड़ा गया है। डीएमओ आनंद कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि अवैध पत्थर का ढुलाई किया जा रहा है जिसको लेकर खान निरीक्षक के द्वारा बुधवार को रिंग रोड में छापेमारी की गई जहां वाहन संख्या-ल04-9239 पर पत्थर चिप्स ले जाते पाया गया। जब वाहन चालक से कागजात की मांग की गई तो चालक द्वारा कोई भी कागजात उपलब्ध नहीं कराया गया जिसके बाद वाहन को लगभग 600 सीएफटी चिप्स के साथ जप्त करते हुए थाना के सुपुर्द कर दिया गया। डीएमओ आनंद कुमार ने स्पष्ट कहा है कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध कारोबार का धंधा नहीं होने दिया जाएगा।

## विवि प्रशासन ने जारी किया परीक्षा का परिणाम

**दुमका :** सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका ने पी.जी. सेमेस्टर-3 परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका ने सत्र 2023-25 के पी.जी. सेमेस्टर-3 की कला एवं विज्ञान संकाय की परीक्षा का परिणाम बुधवार को जारी कर दिया। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. जयकुमार साह ने बताया कि कला संकाय के कुल 2888 परीक्षार्थियों में से 97.96 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। वहीं, विज्ञान संकाय के 1089 परीक्षार्थियों में से 98.71 प्रतिशत ने सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व 7 मई को वाणिज्य संकाय का परिणाम घोषित किया गया था। अब विश्वविद्यालय द्वारा सभी तीनों संकायों – कला, विज्ञान एवं वाणिज्य – के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं।

## 10 दिनों में थाने में 47 मामले दर्ज 31 की गिरफ्तारी

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगज :** क्षेत्र में आपराधिक गतिविधि ,अपराधी घटनाओं को कम करने के लिए एसपी अमित कुमार सिंह लगातार जिले के सभी थाना प्रभारियों के साथ बैठक कर अपराध पर लगाम लगाने के लिए थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दे रहे हैं और लापरवाही बरतने वाले पुलिस अफसर पर कार्रवाई भी कर रहे हैं। एसपी अमित कुमार सिंह वर्ष 2020 के पहले लंबित पड़े मामलों की लगातार थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा कर रहे हैं और संबंधित थाना प्रभारी को जल्द से जल्द लंबित मामलों का निपटारा करने अपराधियों को गिरफ्तारी कर जेल भेजना का सख्त निर्देश भी दे रहे हैं।पुलिस विभाग की ओर से प्रेस रिलीज जारी कर बताया गया कि वर्ष 2025 के तीन मई से 13 मई कुल 47 प्राथमिकी दर्ज किए गए हैं । पुलिस की कार्रवाई के दौरान कुल 31 अभियुक्तों,वारंटियों की गिरफ़्तारी की गई है। जिसमें जिरवाबाडी थाना में सर्वाधिक नौ मामला दर्ज हुए हैं।और 04 गिरफ्तारी की गई हैं। नगर थाना में तीन मामला दर्ज किए गए हैं और 06 गिरफ्तारियां की गई है। बोरियों थाना में चार मामला दर्ज किया गया है और 11 गिरफ़्तारी की गई है । मुफस्सिल थाना में दो मामले दर्ज हुए हैं तै वहीं चार की गिरफ्तारी की गई है। इसमें आर्म्स एक्ट के कल चार मामले हैं सर्वाधिक मामला मारपीट से संबंधित हैं ।इसके अतिरिक्त वाहन दुर्घटना, हत्या ,यौन शोषण, छेड़खानी ,अपहरण से संबंधित मामला दर्ज कर तीव्र गति से निष्पादन किया जा रहा है।

## पीड़ित प्रवीण कुमार ने जिरवाबाड़ी थाना में आवेदन देकर की कार्रवाई की मांग

**साहिबगंज :** जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के सकरोगढ़ निवासी प्रवीण कुमार के घर चोरों ने चोरी करने का प्रयास किया। इसको लेकर पीड़ित प्रवीण कुमार जिरवाबाडी थाना मैं आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रवीण ने आवेदन में बताया कि मेरे चोरों द्वारा मेरे घर में चोरी करने का प्रयास किया लेकिन वह चोरी नहीं कर पाए मेरी बाइक को भी चोरी करने के मकसद से हैंडल तोड़ दिया। लेकिन वह लोग उसमें भी असफल रहे और जाते-जाते मेरे बगीचे में लगे आम के पेड़ ,लीची ,कटहल का पेड़ को नुकसान पहुंचा पर चोरी करने का प्रयास किया।

# शाहिद से शादी के बाद दोस्तों से बात नहीं कर पाती थी मीरा?



हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की पत्नी मीरा राजपूत कपूर ने अपनी शादी के बाद के जीवन को लेकर बात की। उन्होंने अपने विवाह के शुरुआती दिनों का किया जिक्र।

मीरा राजपूत कपूर ने अभिनेता शाहिद कपूर से 2015 में शादी की थी, दोनों को एक साथ रहते 10 साल हो चुके हैं। अब मीरा ने अपने विवाह से संबंधित बातें कीं हैं और अपने अनुभवों को साझा किया है कि कैसे उन्हें कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### मीरा राजपूत कपूर ने क्या कहा?

हाल ही में मीरा राजपूत कपूर, नैना भान और साक्षी शिवदासानी के पॉडकास्ट में पहुंची। बातचीत के दौरान उनसे सवाल किया गया कि शादी के बाद उनके दोस्तों के साथ कैसे अनुभव रहे। इसके जवाब में मीरा ने कहा, मुझे लगता है कि मैं और मेरे सभी दोस्त अलग-अलग माहौल में रहे। मैं यह स्वीकार करना चाहूंगी कि यह काफी अलग-थलग करने वाला था क्योंकि हम उस समय सब अपने जीवन के अलग-अलग फेज में थे, क्योंकि मेरी शादी हो चुकी थी। आप अपने दोस्तों को देखते हैं और सोचते हैं काश मैं वह कर पाती जो वह कर रही हैं।'

### दोस्तों से बात नहीं कर पाती थी मीरा

आगे बातचीत में उन्होंने बताया कि किस तरह शादी के बाद उनका जीवन बदल गया था। उन्होंने कहा कि वह यह सोचती थी कि उनके कई दोस्त मास्टर डिग्री करने चले गए और कुछ घूम रहे हैं। आगे मीरा कपूर ने बताया, 'आप शहर बदलते हैं तो कई चीजें बदल जाती हैं। यह सब मुझे याद है कि मैं अपने दोस्तों से उतनी बार बात नहीं कर पाती थी जितना पहले करती थी। वे पूछते थे, क्या हुआ? सिर्फ इसलिए कि तुम चली गई हो और शादी कर ली है, इसका मतलब यह नहीं है कि तुम हमें भूल गई हो। मैं कहती थी, दोस्तों, सच में, मैं बिजी हो गई हूं और उलझी हुई हूं। मुझे नहीं लगता कि तब उन्होंने इसे समझा होगा, लेकिन किस्मत से हमारी दोस्ती बनी रही। वे अब इसे समझते हैं क्योंकि वे भी उसी दौर से गुजर रहे हैं।

# भूमि ने ईशान को कहा कुछ ऐसा, एक्टर बोले- 'हां मैं दोषी हूं'





ईशान खट्टर जल्द ही भूमि पेडनेकर के साथ नए शो 'द रॉयल्स' में नजर आएंगे। शो के प्रमोशन के दौरान भूमि ने ईशान को ऐसा क्या कह दिया कि एक्टर ने कबूल किया खुद का दोष।

ईशान खट्टर अपने आगामी शो 'द रॉयल्स' को लेकर सुर्खियों में हैं।

इस सीरीज में वो पहली बार अभिनेत्री भूमि पेडनेकर के साथ नजर आएंगे। दर्शक भी इस नई जोड़ी को एकसाथ देखने के लिए काफी उत्साहित हैं। अब ईशान खट्टर ने अपने इस नए शो को लेकर बात की। साथ ही इसमें काम करने के पीछे की वजह का भी जिक्र किया। इस दौरान ईशान खट्टर ने भूमि द्वारा उन्हें 'स्नैकेबल' यानी जो जल्द ही सबमें घुलमिल जाए, बताये जाने पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी।

जस्ट टू फिल्मी के साथ हालिया बातचीत में ईशान खट्टर ने 'द रॉयल्स' को लेकर बात की। साथ ही भूमि पेडनेकर द्वारा उन्हें स्नैकेबल यानी कि जल्द ही सबमें घुलने-मिलने और दोस्त बनने वाला बताने पर अपनी प्रतिक्रिया दी।

ईशान ने कहा कि भूमि ने जो कहा है मैं उसे स्वीकार करता हूं। हां, मैं ऐसा हूं। दरअसल, भूमि ने इसी बातचीत के दौरान ईशान खट्टर के बारे में बात करते हुए कहा था कि ऐसे शो का हिस्सा बनकर बहुत मजा आया, जहां मेरे सह-कलाकार इतने स्नैकेबल हैं। मैंने लोगों को अब ईशान के सामने कमजोर होते देखा है। इसी पर ईशान ने कहा कि हां मैं दोषी हूं और ऐसा हूं।

### शो में बहुत कुछ है

इस दौरान ईशान ने अपनी फिटनेस और अपनी बॉडी को अटेंशन मिलने पर भी प्रतिक्रिया दी। अभिनेता ने कहा, शो में मेरे शारीरिक बनावट के अलावा भी बहुत कुछ है। अगर मैं सच कहूं तो शो में हर चीज के अलावा भी बहुत कुछ है।

# हाउसफुल 5 का नया गाना लाल परी रिलीज

## हनी सिंह ने मचाया धमाल



**बॉलीवुड** की सबसे पॉपुलर फ्रेंचाइजी फिल्म हाउसफुल 5 के फैंस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच मेकर्स ने फिल्म का पहला गाना लाल परी रिलीज कर दिया है। रिलीज के महज तीन घंटे में ही गाने को 1.3 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिले। यह गाना टी-सीरीज के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है। लाल परी गाने को सिमर कौर और यो यो हनी सिंह ने गाया है, जबकि कोरियोग्राफ रेमो डिसूजा ने किया है। इस गाने में हनी सिंह और अक्षय कुमार की जोड़ी फिर से साथ में आई है। बता दें कि ये दोनों पहले भी कई हिट गाने दे चुके हैं, जिसमें पार्टी ऑल नाइट, कुड़ी चमकीली, बॉस जैसे गाने शामिल हैं। जारी किए जाने के महज तीन घंटों के भीतर ही व्यूज ही नहीं बढ़े बल्कि यूट्यूब की म्यूजिक कैटेगरी में ये चौथे नंबर पर ट्रेंड कर रहा है। रिलीज किए गए गाने में सभी मुख्य कलाकार क्रूज पर नाचते-उछलते देखे जा सकते हैं। इसमें पूरा स्टारकास्ट नजर आ रहा है। संजय दत्त, जैकी श्रॉफ और अक्षय कुमार भी एक फ्रेम में देखे जा सकते हैं। फिल्म में कॉमेडी का तड़का भरपूर होगा इसकी झलक भी गाना दे जाता है। यो यो हनी सिंह के अंदाज को बखूबी गाना बयां करता है। टी-सीरीज ने इंस्टाग्राम पर ट्रैक शेयर करते हुए कैप्शन दिया, उथल-पुथल से भरा हाउसफुल, रहस्य का एक छींटा और अब... लाल परी का एक शॉट! लाल परी गाना आउट! हाउसफुल 5 आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 6 जून 2025 को रिलीज होगी! टीजर की शुरुआत में एक क्रूज समंदर के बीच चलता नजर आता है। इस पर फिल्म की पूरी स्टारकास्ट सवार है। क्रूज पर म्यूजिक बजता है, तभी अक्षय कुमार की एंट्री होती है और उनके बाद चंकी पांडे, जॉनी लीवर, सौंदर्या शर्मा, चित्रांगदा सिंह, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, जैकलीन फर्नांडिस, सोनम बाजवा, नरगिस फाखरी, फरदीन खान, श्रेयस तलपड़े, डीनो मोरिया, निकितेन धीर, रंजीत, जैकी श्रॉफ, संजय दत्त और नाना पाटेकर को दिखाया जाता है। अचानक झूमर के ऊपर से एक लाश आकर गिरती है। मर्डर करने वाला हत्यारा मास्क पहने नजर आता है। कौन है ये हत्यारा? इस पर सस्पेंस है। बता दें कि अक्षय कुमार और रितेश देशमुख शुरू से ही इस फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहे हैं। बाकी कलाकार बाद में जुड़ते गए। हाउसफुल फ्रेंचाइजी की पहली कॉमेडी फिल्म साल 2010 में आई थी। दो साल बाद हाउसफुल 2 आई। इन दोनों फिल्मों को साजिद खान ने डायरेक्ट किया था।



## मैंने कभी भी फ़ैड डाइट या चरमपंथ में विश्वास नहीं किया: कृष्णा श्रॉफ

**कृष्णा** श्रॉफ ने कहा- फिटनेस का मतलब संतुलन है, ना कि अतिशयता! जब तक आप एक सीमित दायरे में हैं... आप स्वस्थ रहेंगे। एक ऐसी दुनिया में जहाँ लोग क्विक फिक्स परिणामों और ड्रामेटिक बदलावों के पीछे भागते हैं, कृष्णा श्रॉफ स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति एक संतुलित और टिकाऊ नजरिया अपनाने की वकालत करती हैं। उनका मानना है कि फिटनेस का मतलब अवास्तविक लक्ष्यों के पीछे भागना नहीं है, बल्कि मानसिक और शारीरिक संतुलन पाना है। कृष्णा कहती हैं, मैंने कभी फैड डाइट्स या किसी भी तरह की अतिशयता में विश्वास नहीं किया।

जब तक आप अपने पोषण, ट्रेनिंग और जीवनशैली में एक निश्चित सीमा के भीतर रहते हैं, तब तक आप एक स्वस्थ ज़ोन में रहते हैं। इस दृष्टिकोण ने न केवल उनकी अपनी सेहत की यात्रा को आकार दिया है, बल्कि उनके फ़िटनेस ब्रांड के माध्यम से उनके द्वारा बढ़ावा दिए जाने वाले माहौल को भी आकार दिया है। कृष्णा ऐसी जीवनशैली की बात करती हैं जिसमें गहनता से ज़्यादा निरंतरता को प्राथमिकता दी जाती है, और शारीरिक लक्ष्यों के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी प्राथमिकता दी जाती है। उनका संदेश यह स्पष्ट करता है कि स्वास्थ्य का मतलब खुद को भूखा रखना या थका देना नहीं है, बल्कि ऐसे आदतों को अपनाना है जो वास्तविक और दीर्घकालिक हों। इस सोच को और भी असरदार बनाती है उनकी यह आंतरिक समझ कि व्यक्ति अंदर से जैसा महसूस करता है, वही असली मायने रखता है। मैं सच में मानती हूँ कि आप जितना अच्छा महसूस करते हैं, उतने अच्छे आप कभी दिख नहीं सकते।

और जितने अच्छे आप दिखते हैं, उतना अच्छा आप हमेशा महसूस नहीं करते, वह आगे कहती हैं। फ़िल्टर्ड परफ़ेक्शन और बाहरी मान्यता से भरी इस युग में, कृष्णा का संदेश एक ऐसी वास्तविकता के साथ सामने आता है जो आपको फ़िटनेस इंडस्ट्री में शायद ही देखने को मिले!

# आदिवासियों पर की गई टिप्पणी पर विजय देवरकोंडा ने मांगी माफी



**विजय** देवरकोंडा ने सूर्या के रेट्रो प्री-रिलीज इवेंट के दौरान आदिवासी समुदायों के बारे में की गई अपनी कथित टिप्पणी से जुड़े विवाद पर अपनी चुप्पी तोड़ी है।

विजय देवरकोंडा वर्तमान में बहुप्रतीक्षित फिल्म किंगडम की रिलीज के लिए तैयार हैं। वहीं, इस बीच वह एक विवाद में भी घिर गए हैं। दरअसल, विजय साउथ सुपरस्टार सूर्या फिल्म फिल्म रेट्रो के प्री-रिलीज इवेंट में आदिवासी लोगों के खिलाफ की गई कथित टिप्पणियों के लिए ट्रोल हो गए। कुछ दिनों के बाद अभिनेता के खिलाफ पुलिस शिकायत दर्ज की गई है। अब विजय ने आखिरकार इस मुद्दे पर चुप्पी तो?ी है और अपनी टिप्पणियों को लेकर सफाई पेश की है।

**विजय ने पेश की सफाई-**

विजय देवरकोंडा ने एक्स पर पोस्ट साझा कर इस मामले के बारे में बात की। रेट्रो प्री-रिलीज इवेंट में अपनी आदिवासी टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, यह मेरे ध्यान में आया है कि रेट्रो ऑडियो लॉन्च इवेंट के दौरान मैंने जो टिप्पणी की, उससे जनता के कुछ सदस्यों में चिंता पैदा हो गई है। मैं ईमानदारी से स्पष्ट करना चाहता हूं, किसी भी समुदाय को चोट पहुंचाने या निशाना बनाने का बिल्कुल भी इरादा नहीं था, खासकर हमारे अनुसूचित जनजातियों को, जिनका मैं गहराई से सम्मान करता हूं और उन्हें हमारे देश का अभिन्न अंग मानता हूं।

# आईपीएल 2025: अब टीमें विदेशी खिलाड़ियों की जगह ले सकेंगी नए खिलाड़ी, लेकिन नहीं कर सकेंगी रिटेन

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) के अंतिम चरण से पहले बड़ा बदलाव किया गया है। बीसीसीआई ने घोषणा की है कि टीमें अब विदेशी खिलाड़ियों की अनुपलब्धता की स्थिति में अस्थायी स्थानापन्न खिलाड़ी को शामिल कर सकती हैं। यह निर्णय उन खिलाड़ियों की अनुपस्थिति को देखते हुए लिया गया है जो या तो राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं, निजी कारणों या स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण टूर्नामेंट में भाग नहीं ले पा रहे हैं। आईपीएल फ्रेंचाइजियों को भेजे गए आधिकारिक नोट में कहा गया है,₹जो खिलाड़ी इस समय से लिए जा रहे हैं, वे अगले वर्ष रिटेन नहीं किए जा सकेंगे। उन्हें आईपीएल 2026 की नीलामी के लिए फिर से पंजीकरण कराना होगा।



### 12वें मैच के बाद अस्थायी खिलाड़ी नहीं जोड़ने का नियम हुआ खत्म

सीजन की शुरुआत में जारी नियम पुस्तिका के अनुसार, कोई भी टीम अपने 12वें लीग मैच के बाद अस्थायी खिलाड़ी नहीं जोड़ सकती थी। लेकिन भारत-पाकिस्तान तनाव के चलते टूर्नामेंट को 8 मई से निलंबित करना पड़ा, जिससे यह अपवाद स्थिति बन गई। इस अभूतपूर्व स्थिति को देखते हुए, आईपीएल अधिकारियों ने नियमों में संशोधन कर दिया है।

### कई विदेशी खिलाड़ी लौटे, कुछ नहीं होंगे वापस

धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबले के अगले दिन जब सुरक्षा कारणों से स्टेडियम खाली कराया गया और टूर्नामेंट को रोका गया, तब से अधिकांश विदेशी खिलाड़ी अपने देशों को लौट चुके थे। हालांकि, आईपीएल के दोबारा शुरू होने पर अधिकांश विदेशी खिलाड़ी वापसी करेंगे, लेकिन जो खिलाड़ी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल का हिस्सा हैं या जिनके परिवार उन्हें भारत लौटने की अनुमति नहीं दे रहे, वे वापस नहीं आएंगे। इससे किसी भी टीम को नुकसान न हो, इसीलिए यह अस्थायी विकल्प का रास्ता खुला गया है।

### दिल्ली कैपिटल्स का उदाहरण

इस नए नियम का पहला उदाहरण दिल्ली कैपिटल्स की टीम में देखने को मिला है, जहां मुस्ताफिजुर रहमान को जेक फ्रेजर-मैकगर्क के स्थान पर टीम में शामिल किया गया है। इसका मतलब यह है कि रहमान को अगली सीजन के लिए रिटेन नहीं किया जा सकेगा, लेकिन मैकगर्क को टीम में बनाए रखा जा सकता है। आईपीएल 2025 में नियमों में किया गया यह बदलाव संकट की स्थिति में लीग की लचीलापन और निष्पक्षता बनाए रखने का एक प्रयास है, जिससे हर टीम को बराबरी का मौका मिल सके।

## दक्षिण कोरिया के स्टार फुटबॉलर सोन ह्युंग-मिन के खिलाफ ब्लैकमेलिंग की कोशिश, शिकायत दर्ज

**सियोल :** टोटेनहम हॉटस्पर के कप्तान और दक्षिण कोरियाई फुटबॉल स्टार सोन ह्युंग-मिन ने एक महिला द्वारा झूठे गर्भावस्था के दावे को लेकर ब्लैकमेल किए जाने की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। यह जानकारी गुरुवार को उनकी एजेंसी 'सोन एंड फुटबॉल लिमिटेड' ने दी। सोन की एजेंसी ने बयान जारी करते हुए कहा, फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। जैसे ही परिणाम सामने आएंगे, हम जानकारी साझा करेंगे। हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि सोन ह्युंग-मिन इस मामले में पूरी तरह से पीड़ित हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पुलिस ने 20 के दशक की एक महिला और 40 के दशक के एक पुरुष को गिरफ्तार किया है। दोनों पर आरोप है कि उन्होंने झूठे गर्भावस्था दावे के जरिए सोन से पैसे ऐंठने की कोशिश की।

# रियल मैड्रिड की आखिरी पलों में जीत बार्सिलोना की जश्न की उम्मीदों को झटका

एजेंसी

**मैड्रिड :** सैंटियागो बर्नाबेउ स्टेडियम में बुधवार देर रात खेले गए मुकाबले में रियल मैड्रिड ने अंतिम समय में गोल दागकर आरसीडी मल्लोर्का को 2-1 से हराया और बार्सिलोना की ला लीगा खिताब जीतने की उम्मीदों को फिलहाल के लिए टाल दिया।



### बार्सिलोना की खिताबी उम्मीदों को लगा विराम

इस जीत के साथ ही मैड्रिड ने अंक तालिका में बार्सिलोना से फासला घटाकर 4 कर दिया है। अब यदि गुरुवार को बार्सिलोना अपने पड़ोसी क्लब एस्पानयोल को हरा देता है, तो वह खिताब अपने नाम कर सकता है। इससे पहले, रविवार को 'एल क्लासिको' में बार्सिलोना के हाथों हार झेलने के बाद रियल मैड्रिड के पास यह मुकाबला जीतने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

### वैलजेंट के शुरुआती गोल से पिछड़ा मैड्रिड

मैच की शुरुआत में मल्लोर्का ने आक्रामक अंदाज़ दिखाया और 11वें मिनट में मार्टिन वैलजेंट ने गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। मैड्रिड की ओर से कई प्रयास हुए, लेकिन मल्लोर्का के गोलकीपर लियो रोमन ने शानदार बचाव करते हुए पहले हाफ में जूड बेलिंघम, किलियन एम्बाप्पे और फेडे वाल्वर्डे को गोल करने से रोके रखा।

### एम्बाप्पे और जैकोबो ने पलट दिया मैच

दूसरे हाफ में आखिरकार 68वें मिनट में किलियन एम्बाप्पे ने बेहतरीन फुटवर्क दिखाते हुए तीन डिफेंडरों को छकाया और गेंद को नेट में डालकर स्कोर 1-1 कर दिया। यह इस सीजन में एम्बाप्पे का 40वां गोल था। जब मैच ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था, तभी इंजरी टाइम के 95वें मिनट में 20 वर्षीय डिफेंडर जैकोबो रामोन ने गिरती हुई गेंद को गोलकीपर के ऊपर से नेट में डालकर मैड्रिड को जीत दिला दी।

# मप्रः मुख्यमंत्री लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित करेंगे 1552 करोड़ से अधिक की राशि

- सामाजिक सुरक्षा पेंशन और सिलेंडर रिफिलिंग राशि होगी अंतरित

एजेंसी



**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज (गुरुवार को) सीधी जिले की तहसील गोपदबनास (सीधी खुर्द) से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और सिलेंडर रिफिलिंग योजना की मई माह की राशि हितग्राहियों के खातों में अंतरित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीधी के धोहनी में विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी करेंगे। जनसम्पर्क अधिकारी बिन्दु सुनील ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश की एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की मई माह की किस्त 1552 करोड़ 38 लाख रुपये अंतरित करेंगे। लाड़ली बहनों को मिलने वाली यह 24वीं किस्त है। योजना में प्रत्येक लाड़ली बहना को प्रत्येक माह 1250 रुपये की राशि उनके खातों में अंतरित की जाती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में 56 लाख 68 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 340 करोड़ रुपये की राशि अंतरित करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री 25 लाख से अधिक बहनों को सिलेंडर रिफिलिंग की 57 करोड़ रुपये की राशि भी उनके खातों में सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे।

### मुख्यमंत्री का भ्रमण कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सुबह 10 बजे भोपाल से वायुयान से प्रस्थान कर सुबह 11 बजे एयरपोर्ट रीवा पहुंचेंगे। रीवा की तहसील के दिव्यगवां में मुख्यमंत्री डॉ. यादव नवनिर्मित शासकीय महाविद्यालय भवन का लोकार्पण करने के बाद आमसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री यहां जल गंगा संवर्धन अभियान के 501 खेत तालाबों तथा अन्य निर्माण कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन भी करेंगे। स्वामित्व योजना से हितग्राहियों को भू अधिकार पत्रों का वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पांच एकड़ प्रस्तावित क्षेत्र में पौध-रोपण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 12.55 बजे हेलीपैड सीधी पहुंचेंगे। सीधी में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की मई माह की किश्त की राशि हितग्राहियों के बैंक खाते में जारी करेंगे। साथ ही पेंशन हितग्राहियों और सिलेंडर रिफिलिंग की राशि भी अंतरित करेंगे। मुख्यमंत्री विशाल आमसभा को संबोधित करने के साथ निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

### मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अमर शहीद सुखदेव को जयंती और फील्ड मार्शल के.एम. करिअप्पा को पुण्यतिथि पर किया नमन

**भोपाल :** अमर शहीद क्रांतिकारी सुखदेव की आज गुरुवार को जयंती है। इसके साथ ही भारतीय सेना के प्रथम कमांडर-इन-चीफ एवं फील्ड मार्शल केएम करिअप्पा की आज ही के दिन पुण्यतिथि है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दोनों महान हस्तियों को स्मरण करते हुए विनम्र नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अमर शहीद सुखदेव को जयंती पर नमन करते हुए लिखा मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले अमर शहीद सुखदेव जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन करता हूं। आपका जीवन राष्ट्रसेवा, मातृ भक्ति एवं संघर्ष का स्वर्णिम अध्याय है, जिसके बिना देश की स्वतंत्रता का इतिहास सदैव अधूरा रहेगा। आपके चरणों में प्रणाम करता हूं। एक अन्य संदेश के माध्यम से सीएम डॉ यादव ने फील्ड मार्शल के.एम. करिअप्पा को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा भारतीय सेना के प्रथम कमांडर इन चीफ, फील्ड मार्शल के.एम. करिअप्पा जी की पुण्यतिथि पर सादर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। स्वतंत्र भारत को सशक्त बनाने हेतु सेना की सुदृढ़ता के लिए आपके प्रयास अविस्मरणीय रहेंगे।

## प्रयागराज के 8 गरीब दिव्यांग बच्चों को दिया जा चुका है काका इम्पलांट सर्जरी योजना का लाभ

एजेंसी

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में शुरू हुई काका इम्पलांट सर्जरी योजना के तहत प्रयागराज जनपद में वित्तीय वर्ष 2024—25 में 8 गरीब दिव्यांग बच्चों को लाभ दिया जा चुका है। यह जानकारी गुरूवार को दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग प्रयागराज अशोक कुमार गौतम ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार बनने के बाद इस योजना को शुरू किया गया। इस योजना के तहत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले ऐसे दिव्यांग बच्चों का चयन किया जाता है जो मूकबधिर होते है और उनकी उम्र पांच वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। योजना शुरू होने के बाद दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा प्रयागराज में संचालित आगनबड़ी केन्द्रों के माध्यम से सर्वे कराया गया और ऐसे 8 बच्चों को खोजा गया। जिन्हें अनुभवी चिकित्सकों से जांच कराने के बाद प्रयागराज शहर में संचालित ओझा नर्सिंग होम में सभी बच्चों की सर्जरी करायी गई। जिसके बाद उन सभी बच्चों को स्पीच थिरेपी भी दी गई। जिससे 8 बच्चें अब बोलने लगे। उनके माता पिता अब बच्चों की आवाज सुनने लगे। प्रयागराज में काका इम्पलांट




के लिए दो अस्पतालों का चयन किया गया है। जिसमें से एक मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज से सम्बद्ध स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय और दूसरा टैगोर टाउन में स्थित निजी चिकित्सालय ओझा नर्सिंग होम है। पहली बार इस योजना का लाभ दिलाने के लिए ओझा नर्सिंग होम के चिकित्सकों ने सफल प्रयास किया।

### जाने कैसे मिलेगा लाभ

अशोक कुमार गोतम ने बताया कि इस योजना का लाभ पाने के लिए दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग से सम्पर्क करके आवेदन कर सकते है। यह आवश्यक है कि दिव्यांग बच्चें के माता पिता की आय एक वर्ष में दो लाख से अधिक नहीं होना चाहिए। बच्चें की उम्र पांच वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

## शिमला : पत्नी की हत्या, शव को जलाने की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार

**शिमला :** राजधानी शिमला के घनपेरी गांव में दिल दहला देने वाली एक वारदात सामने आई है। एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या कर उसके शव को घर के आंगन में ही गड्ढा खोदकर छिपाने और जलाने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका की पहचान 26 वर्षीय गुलशन के रूप में हुई है जबकि आरोपी का नाम तोता राम पुत्र पूर्णचंद चंद है।

यह खौफनाक घटना बालूगंज थाना क्षेत्र की शोघी पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले घनपेरी गांव की है। आरोपी तोता राम पेशे से सिक्योरिटी गार्ड है और उसने इस पूरी वारदात को अकेले ही अंजाम दिया। मामले का खुलासा तब हुआ जब पड़ोसियों को कुछ संदेह हुआ और उन्होंने मृतका के परिजनों को सूचित किया। गुलशन के परिजन जब गांव पहुंचे तो उन्होंने देखा कि घर के आंगन में गड्ढा खुदा हुआ है और इसमें गुलशन का अधजला शव मिला। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्राथमिक जांच में पाया गया कि शव को जलाने के लिए पेंट और लकड़ियों का इस्तेमाल किया गया था ताकि पहचान न हो सके।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा, सेना के अदम्य साहस को किया नमन

एजेंसी

**रायपुर :** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर आज बुधवार को भाजपा ने राजधानी रायपुर के तेलीबांधा (मरीन ड्राइव) से जयस्तंभ चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली। इस यात्रा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव समेत मंत्री, सांसद, विधायक, बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता समेत सर्व समाज, साधु-संत और सैनिक परिवार शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस दौरान कहा कि, देश के सैनिकों ने पाकिस्तान के नौ ठिकानों को तबाह किया, जिसमें आतंकी पलते बढ़ते थे। आतंकियों ने हमारी माताओं-बहनों का सिंदूर उजाड़ने का काम किया था, उनके केंद्र को ही उजाड़ने का काम हमारे सैनिकों ने किया है। हम उनके अदम्य साहस को नमन करते हैं। ख्यमंत्री साय ने कहा कि, कोई भी गलतफहमी में किसी को नहीं रहना है। अभी ऑपरेशन सिंदूर स्थगित हुआ है, खत्म नहीं। इस तरह की अफवाह न फैलाएं, सोशल मीडिया पर तरह-




तरह की बातें चल रही है। जिन लोगों ने माता-बहनों का सिंदूर उजाड़ा है। उन्हें चुन-चुन कर सेना मारेगी। भारत का सिर हमेशा ऊंचा रहेगा। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा कि, अब पाकिस्तान ने नजर उठाकर देखा तो कड़ा प्रहार होगा। ऑपरेशन सिंदूर के लिए मैं देश की तीनों सेनाओं को बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का भी आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने देश की सुरक्षा के लिए निर्णायक कदम उठाए। पहले हमारे देश ने अनेक आतंकी घटनाओं को सहा है, लेकिन अब यह नया भारत है, जो दुश्मनों को घर में घुसकर मारता है। प्रधानमंत्री ने हमारी सेना को पूरी छूट दी है, और सेना ने आतंकियों के 9 अड्डों को समाप्त कर दिया। अब जो भी भारत की तरफ मैली नजर से देखेगा, उसे मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। हमारी सैन्य क्षमता वास्तव में अद्वितीय है। रायपुर शहर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि, पाकिस्तान सुधर जाए वरना उसे उजाड़ देंगे। रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने कहा कि, पाकिस्तान को घुसकर मारेंगे। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, पहलगाम हमले में बुजदिल आतंकियों ने रायपुर के मिरानिया परिवार में अंधेरा कर दिया। हम पीएम से आग्रह करते हैं कि, पाकिस्तान फिर ऐसी हिमाकत करेगा, तो पाकिस्तान का नाम धरती से समाप्त कर देना चाहिए। छत्तीसगढ़ आपके साथ है।

## रेलवे में दिखी ऑपरेशन सिंदूर की झलक

**जम्मू :** उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत भारतीय सेना के अदम्य साहस और शौर्य की गाथा के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें जम्मू तवी, श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा, श्रीनगर, पठानकोट तथा बैजनाथ पपरोला रेलवे स्टेशनों पर तिरंगे के रंग वाली लाइटों से सजाया गया। तिरंगे के रंग में रंगा हुआ ये रेलवे स्टेशन बहुत खुबसूरत लग रहे हैं तथा आने-जाने वाले यात्रियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं।

बता दे कि इससे पहले मात्र 26 जनवरी व 15 अगस्त को ही इस प्रकार से रेलवे स्टेशनों को सजाया जाता रहा है। मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर देशभक्ति गीतों के प्रसारण से यात्रियों एवं रेलकर्मियों का हृदय देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो गया। स्टेशनों के वीडियों स्क्रीन पर तिरंगा वीडियो का प्रसारण किया गया जिससे रेल परिसर देश भक्ति के रंग में सरोबार हो गया।

## मध्य प्रदेश के इंदौर, उज्जैन समेत 27 जिलों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट, 18 मई तक ऐसा ही रहेगा मौसम

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में मौसम का स्ट्रांग सिस्टम एक्टिव है। वैसे तो आमतौर पर मई माह प्रदेश में सबसे अधिक गर्मी लेकर आता है, लेकिन इस साल मौसम के बदले मिजाज ने लोगों को लू की तपिश और भीषण गर्मी से काफी हद तक राहत दी है। प्रदेश के कई हिस्सों में बादल छाए हुए हैं और रुक-रुक कर हल्की बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले 4 दिन यानी 18 मई तक आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। इंदौर, उज्जैन समेत प्रदेश के 27 जिलों में गुरुवार को तेज आंधी चल सकती है। वहीं, बारिश होने के भी आसार है। मौसम विभाग के अनुसार, गुजरात के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव है। इस वजह से प्रदेश में बारिश और आंधी की एक्टिविटी है। वहीं, एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस



(पश्चिमी विक्षोभ) भी सक्रिय हुआ है। आज गुरुवार को 27 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है। इनमें इंदौर, उज्जैन, रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, मुरैना, भिंड, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, मैहर, उमरिया जिले शामिल हैं। मौसम विभाग का कहना है कि 20 मई के बाद गर्मी बढ़ेगी। हालांकि, मई के आखिरी सप्ताह में फिर से मौसम बदलने की संभावना है। इससे पहले बुधवार को प्रदेश में मौसम के दो रंग देखने को मिले। भोपाल, नर्मदापुरम, उज्जैन, रायसेन, मंदसौर और नीमच में बारिश हुई। वहीं, सीहोर, बड़वानी, रतलाम, खरगोन, बैतूल, छिंदवाड़ा, सिवनी, उमरिया, बालाघाट, डिंडौरी और अनूपपुर में आंधी का दौर रहा। दूसरी ओर, छतरपुर जिले के दो शहर- खजुराहो और नौगांव सबसे गर्म रहे। खजुराहो में सबसे ज्यादा 43.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नौगांव में 42.5 डिग्री, टीकमगढ़ में 42 डिग्री, सतना में 41.8 डिग्री, रीवा में 41.5 डिग्री, गुना में 41 डिग्री, सीधी में 40.8 डिग्री, दमोह में 40.6 डिग्री, मंडला में 40.5 डिग्री सेल्सियस रहा। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 37.8 डिग्री, इंदौर में 36.8 डिग्री, ग्वालियर में 41.8 डिग्री, उज्जैन में 37.7 डिग्री और जबलपुर में पारा 39.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि पचमढ़ी में सबसे कम 32.6 डिग्री रहा।

## राजस्थान में गर्मी का कहर शुरू, कई जिलों में लू का अलर्ट

एजेंसी

**जयपुर :** राजस्थान में बुधवार को पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त हो गया है। इसके साथ ही राज्य में गर्मी ने जोर पकड़ लिया है। तापमान तेजी से बढ़ रहा है और लोगों को भीषण गर्मी का अहसास होने लगा है। बुधवार को प्रदेश के 19 शहरों में दिन का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा मापा गया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में पूरे राज्य में गर्मी और बढ़ेगी। कई जिलों में अधिकतम तापमान 44 से 45 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। बीकानेर और श्रीगंगानगर में 15 से 17 मई तक लू चलने का अनुमान जताया गया है। बुधवार को श्रीगंगानगर का तापमान 45.1 डिग्री मापा गया, जो राज्य में सबसे ज्यादा रहा। हालांकि कुछ जगहों पर हल्की बारिश और आंधी ने थोड़ी राहत भी दी। श्रीगंगानगर के अनूपगढ़ और रजियासर में बारिश के साथ ओले गिरे, वहीं उदयपुर, कोटा, बीकानेर, जयपुर और भरतपुर के कुछ इलाकों में तेज हवा चलीं और बादल छाए।

बीकानेर में पाकिस्तान की सीमा से रेत का बवंडर आया, जिससे सीमावर्ती इलाकों में आसमान पूरी तरह धूल से ढक गया। पूगल क्षेत्र में धूल का गुबार छा गया, जिससे दृश्यता कम हो गई और जनजीवन प्रभावित हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार 15 से 17 मई तक बीकानेर और श्रीगंगानगर में लू चलेगी। वहीं 17 और 18 मई को जयपुर, भरतपुर और उदयपुर संभाग के कुछ जिलों में आंधी और बारिश की संभावना है, जिसके लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। पूर्वी राजस्थान में भी 15 मई से मौसम शुष्क रहेगा और तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। कोटा और भरतपुर संभाग में गुरुवार दोपहर बाद कुछ स्थानों पर मेघगर्जन और बारिश हो सकती है।

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार पर दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत सपाट स्तर पर मामूली बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव की वजह से शेयर बाजार की चाल में गिरावट आ गई। हालांकि लिवालों ने बीच में खरीदारी का जोर बना कर बाजार को सपोर्ट करने की कोशिश भी की, इसके बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की स्थिति में अधिक सुधार नहीं हो सका। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.41 प्रतिशत और निफ्टी 0.46 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से जेएसडब्ल्यू स्टील, हीरो मोटोकॉर्प, टाटा मोटर्स, श्रीराम फाइनेंस और अडाणी पोर्ट्स के शेयर 2.63 प्रतिशत से लेकर 0.73 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, सिप्ला, एनटीपीसी, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज और ओएनजीसी के शेयर 1.40 प्रतिशत से लेकर 1.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,445 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,665 शेयर मुनाफा कमा कर हरे



निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 780 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 7 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 23 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 11 शेयर हरे निशान में और 39 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 23.87 अंक की मामूली तेजी के साथ 81,354.43 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण सुबह 10 बजे के करीब यह सूचकांक गिर कर 80,762.16 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिससे इस सूचकांक की स्थिति में कुछ सुधार होता हुआ नजर आया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 372.25 की गिरावट के साथ 80,958.31 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी में आज 27.55 अंक की बढ़त के साथ 24,694.45 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव में इस सूचकांक में लाल निशान में गोता लगा दिया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण यह सूचकांक 24,494.45 अंक तक गिर गया। हालांकि इसके बाद हुई मामूली खरीदारी के कारण इसकी स्थिति में मामूली सुधार होता हुआ नजर आया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 100.50 अंक की कमजोरी के साथ 24,566.40 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

## न्यूज IN बिजनेस

### अमेरिका में रूसी वैज्ञानिक सेनिया पेत्रोवा पर कसा शिकंजा, न्याय विभाग ने जड़े गंभीर आरोप, जमानत पर 28 मई को सुनवाई

**वाशिंगटन :** अमेरिका में रूसी वैज्ञानिक सेनिया पेत्रोवा को बुधवार को अदालत से जमानत नहीं मिल सकी। न्याय विभाग ने हार्वर्ड की मेडिकल शोधकर्ता पेत्रोवा पर वर्मोंट में यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के समक्ष सुनवाई के दौरान गंभीर संघीय आरोप लगाया। न्याय विभाग ने कहा कि पेरिस से लौट रही 30 वर्षीय पेत्रोवा को 16 फरवरी को बोस्टन लोगान अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया था। उसके सामान में गैर-संक्रामक और गैर-विषाक्त मेंढक भ्रूण मिले थे। अभियोजकों का आरोप है कि वह अवैध रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में तस्करी करने का प्रयास कर रही थी। अदालत ने सुनवाई के बाद पेत्रोवा की जमानत याचिका पर सुनवाई की तारीख 28 मई तय की है। एबीसी न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, सेनिया पेत्रोवा के वकीलों ने आरोपों पर आश्चर्य व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह आरोप अदालत में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पेश होने के कुछ घंटों बाद इसलिए लगाए गए, जिससे उसे रूस निर्वासित किया जा सके। रूस में उसे राजनीतिक गतिविधियों के लिए कई बार उत्पीड़न का सामना करना पड़ा है। संघीय अधिकारियों का कहना है कि पेत्रोवा ने निर्वासित करने के निरंतर प्रयास के बीच जानबूझकर कानून तोड़ा। पेत्रोवा के वकील ग्रेगरी रोमानोव्स्की का कहना है कि वह एक फ्रांसीसी प्रयोगशाला के प्रोफेसर के अनुरोध पर मेंढक के भ्रूण वापस ला रही थी। मैसाचुसेट्स में अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय ने कहा कि पेत्रोवा को सबसे पहले लुइसियाना के एक हिरासत केंद्र में रखा गया। इस पर पेत्रोवा के वकील का कहना है कि वहां से उसे एक संघीय जेल सुविधा केंद्र में ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि सेनिया का वीजा रद्द करना कथित सीमा शुल्क उल्लंघन पर आधारित था। अमेरिका का कानून इसकी अनुमति नहीं देता। अदालत ने भी हिरासत में लिए जाने के बाद पेत्रोवा का वीजा रद्द करने के सरकार के फैसले पर आश्चर्य व्यक्त किया।

### मप्रः दो दिवसीय बायर-सेलर मीट का आज मंत्री पटेल करेंगे उद्घाटन

**भोपाल :** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व-सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसके तहत भोपाल में अरेरा हिल्स स्थित विकास भवन के सभागार में दो दिवसीय बायर-सेलर मीट का आयोजन किया जा रहा है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल आज (गुरुवार को) प्रातः 11 बजे दो दिवसीय बायर-सेलर मीट का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर विभाग के अधिकारियों सहित क्रेता एवं समूहों की दीदियां उपस्थित रहेंगी। मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मुख्य कार्यपालन अधिकरी हर्षिता सिंह ने बताया कि समूह उत्पादों को विभिन्न ऑनलाईन प्लेटफॉर्म पर लाने के साथ-साथ वृहद बाजारों से जोडने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे समूह सदस्यों को सीधा क्रेताओं से जुडकर अधिक-अधिक लाभ प्राप्त होने का अवसर मिल सके। इसी उद्देश्य से बायर-सेलर मीट का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि बायर-सेलर मीट में विभिन्न जिलों से आ रही समूहों की दीदियों द्वारा बनाये जा रहे उत्पादों का प्रदर्शन करते हुये क्रेताओं को उत्पादों की विशेषताएँ बताई जायेंगी। क्रेता उत्पाद खरीदने का ऑर्डर सीधे समूहों को देंगे। उन्होंने कहा कि क्रेता-विक्रेता सम्मेलन के माध्यम से समूहों के उत्पादों को देखने तथा उनकी विशेषताएँ जानने का अवसर क्रेताओं को मिलता है। दीदियां इन दो दिनों में अपने उत्पाद क्रेताओं को दिखायें, उत्पादों की विशेषताएँ बतायें तथा क्रेता-विक्रेता के बीच अनुबंध कर अपने व्यवसाय को बढ़ाने का प्रयास करें।

### ठाणे जिले में पहली मेट्रो का ट्रायल सीएम के हाथों,डिप्टी सीएम शिंदे व पवार भी शामिल

**मुंबई :** मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) के लिए ऐतिहासिक दिन पर, मेट्रो लाइन-9 के पहले चरण का ट्रायल रन औपचारिक रूप से शुरू हुआ। इस अवसर पर, ठाणे जिले में पहली मेट्रो सेवा के कार्यान्वयन की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मेट्रो के इस ऐतिहासिक क्षण का शुभारंभ मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष एकनाथ शिंदे के साथ उपमुख्यमंत्री अजीत पवार भी शामिल थे। इस दौरान मेट्रो का तकनीकी निरीक्षण भी किया गया।कार्यक्रम में परिवहन मंत्री . प्रताप सरनाईक, विधान परिषद सदस्य . निरंजन डावखरे, विधायक नरेन्द्र मेहता, विधायक और श्रीमती एमएमआरडीए महानगर आयुक्त आदि मौजूद थे।.बताया जाता है कि यह पहली बार है कि मुंबई में इस तरह की डबल डेकर परियोजना बनाई गई है, जहां मेट्रो और फ्लाईओवर एक ही संरचना में हैं। मेट्रो लाइन-9 का पहला चरण दहिसर (पूर्व) से काशीगांव तक 4.4 किलोमीटर लंबा है और इस मार्ग पर चार स्टेशन हैं - दहिसर (पूर्व), पांडुरंगवाड़ी, मीरागांव और काशीगांव स्थित हैं। यह मेट्रो मीरा-भयंकर के लिए मुंबई के विभिन्न कोनों तक पहुंचना अधिक सुविधाजनक और तेज बना देगी ।सीएसएमआईए अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से सीधा संपर्क (लाइन 7, 7ए के माध्यम से)अंधेरी पश्चिम (लाइन 2बी)घाटकोपर (लाइन 1 और 7)लिंक रोड (दहिसर पूर्व – लाइन 2ए)मीरा गांव मेट्रो स्टेशन के माध्यम से मेट्रो लाइन 10 के माध्यम से थोना तक कनेक्शन (भविष्य में)भविष्य में वसई-विरार (लाइन 13 – एनएससीबी स्टेशन) दहिसर टोल प्लाजा क्षेत्र में यातायात की भीड़भाड़ काफी कम हो जाएगी प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी आएगी ।ऊर्जा बचत के लिए 'पुनर्योजी ब्रेकिंग' तकनीक और पर्यावरण अनुकूल निर्माण विधियों का उपयोगसामान्य यात्रियों की यात्रा अधिक आरामदायक और समय पर होगी।मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा,₹इस परियोजना के तकनीकी परीक्षण शुरू हो चुके हैं। यह मेट्रो लाइन वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर यातायात की भीड़ को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। पहली बार मेट्रो और फ्लाईओवर एक साथ बनाए गए हैं। यह लाइन मीरा-भायंदर के लिए एक बड़ा बदलाव होगी। हम इस साल 50 किमी, अगले साल 62 किमी और तीसरे साल 60 किमी मेट्रो शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 2027 तक मेट्रो यात्रा का तेजी से विस्तार होगा।उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, कि विरार तक विस्तार से ठाणे, पालघर और रायगढ़ जिलों को मेट्रो से सीधा संपर्क मिलेगा। एमएमआरडीए के नेतृत्व में 337 किलोमीटर लंबा मेट्रो नेटवर्क बनाया जा रहा है। हमारा इरादा हर साल 50-60 किलोमीटर मेट्रो शुरू करने का है। इससे वाहनों की भीड़ कम होगी और प्रदूषण पर भी नियंत्रण होगा।उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा, कि मेट्रो लाइन-9 आम यात्रियों के लिए बहुत उपयोगी होगी।

### बुद्धल सीमा तनाव के बाद स्कूलों में फिर से गूंजी बच्चों की चहल-पहल

**जम्मू :** राजौरी जिले में सीमा पर हालिया तनाव के कारण एक सप्ताह से बंद स्कूल आज फिर से खुल गए, जिससे इलाके में शिक्षा का माहौल लौट आया है। सुबह-सुबह छात्र पूरे उत्साह के साथ स्कूल की ओर जाते नजर आए। जिले के मंझाकोट, डूंगी, नौशेरा, सुंदरबनी, पीरी, कालाकोट, थनमंडी, खवास और कोटरंका जैसे सभी शैक्षणिक ज़ोन में शिक्षा गतिविधियां फिर से पूरी तरह शुरू हो गई हैं। खासतौर पर कोटरंका शिक्षा ज़ोन के अंतर्गत आने वाले बुद्धल इलाके में बच्चों का पढ़ाई के प्रति उत्साह देखने लायक था। बच्चे सुबह तड़के कतारों में स्कूल जाते दिखे, आपस में हँसते-बोलते और खेलते हुए रास्ता तय कर रहे थे। कई छात्र कठिन पहाड़ी रास्तों से पैदल चलकर स्कूल पहुंचे, लेकिन उनके चेहरों पर खुशी और आंखों में सीखने की ललक साफ नजर आ रही थी। स्थानीय लोगों ने इस दृश्य को इलाके के लिए उम्मीद की किरण बताया।शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि वे छात्रों की शारीरिक और मानसिक सेहत पर विशेष ध्यान दें, उन्हें मनोवैज्ञानिक सहयोग दें और पढ़ाई में हुए नुकसान की भरपाई के लिए प्रभावी कदम उठाएं, ताकि एक सुरक्षित और शांतिपूर्ण शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

न्यूज ब्रीफ

## चार दिवसीय समर कैंप का हुआ आयोजन



**गुमला :** गुमला झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा राज्य स्तरीय निदेशानुसार जिले के विद्यालयों में दिनांक 13 से 16 मई 2025 तक चार दिवसीय समर कैंप का आयोजन कराया जा रहा है । इस समर कैंप में खेल गतिविधि, नृत्य, स्थानीय उपलब्ध सामग्रियों से आर्ट क्राफ्ट, चित्रकला आदि कार्य हेतु निर्देशित किया गया है। । गतिविधि के दूसरे दिन जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तथा विभिन्न उच्च विद्यालय में मिट्टी से विभिन्न कलाकृतियों का निर्माण, दोना पत्तल बनाने, कागज की आकृतियां एवं गुलदस्तों तथा बांस की विभिन्न आकृतियों का निर्माण, मॉडल निर्माण जैसे कार्य कराए गए । मौके पर अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ज्योति खलखो द्वारा बताया गया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता एवं नेतृत्व भावना के विकास के साथ साथ टीम वर्क और कलात्मक अभिव्यक्ति के जरिए बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि के उद्देश्य से यह समर कैंप आयोजित किया गया है।

## साकेत मिंज ने 200 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण



**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित सिसई प्रखंड के ग्राम सकरोली, महुवाडीपा निवासी एवं स्थानीय बेसिक ट्रेनिंग डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र, महुवाडीपा में प्रशिक्षित साकेत मिंज ने *खेलो इंडिया यूथ गेम्स झ बिहार 2025 में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए व-18 बालक वर्ग की 200 मीटर दौड़ में 21.54 सेकंड का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अर्जित किया है।
यह उपलब्धि न केवल साकेत की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि पूरे गुमला जिले एवं झारखंड राज्य के लिए गर्व का विषय है। ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले साकेत की माता खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती हैं। विषम परिस्थितियों के बावजूद, साकेत ने पांच वर्षों तक महुवाडीपा प्रशिक्षण केंद्र में नियमित अभ्यास कर उत्कृष्टता हासिल की। उनकी प्रतिभा को मान्यता देते हुए वर्ष 2022 में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया , रांची में उनका चयन हुआ। साकेत की यह उपलब्धि अन्य नवोदित खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## महिला की गला रेतकर निर्मम हत्या



**सिमडेगा :** जिले के श्यामपथ गली में एक महिला की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक महिला की पहचान 52 वर्षीय आशा अग्रवाल के रूप में हुई है। वह स्वर्गीय सेढु राम अग्रवाल की बेटी थीं और अकेले घर में रहती थीं। परिजनों ने एक कर्मचारी के माध्यम से आशा अग्रवाल के लिए खाना भिजवाया। कर्मचारी ने दरवाजे पर कई बार आवाज दी, लेकिन कोई उत्तर नहीं मिला। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। जब वे घर पहुंचे तो देखा कि आशा अग्रवाल बरामदे में खून से लथपथ पड़ी थीं और उनका गला कटा हुआ था।
इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। डीएसपी रणवीर सिंह और थाना प्रभारी विनोद पासवान पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने बारीकी से साक्ष्य जुटाए। ऊढ रणवीर सिंह ने बताया कि हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं है और फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बता दे कि यह घटना बुधवार की है।

## दिघी भूला उच्च विद्यालय में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन

**पटमदा:** बोड़ाम प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय दिघी भूला में ग्रीष्मकालीन शिविर के तीसरे दिन गुरुवार को छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इसमें 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार के साथ-साथ विद्यालय के सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं उपस्थित थे।इस संबंध में प्रधानाध्यापक ने बताया कि ग्रीष्मकालीन शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक साक्षरता को बढ़ावा देना, शारीरिक क्षमता तथा उसका संतुलन और साथ नियंत्रण विकसित करना, रचनात्मक, टीमवर्क, समस्या समाधान के साथ ही साथ बच्चों द्वारा खुद के बनाए खेल पासपोर्ट, खेल सामग्री और कलात्मक अभिव्यक्ति के जरिए उनके आत्मविश्वास को निखारना है। उन्होंने बताया कि निदेशक, जेईपीसी के निदेर्शानुसार राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में वर्ग 1 से 10 तक के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं खेल, रचनात्मकता और नेतृत्व विकास हेतु 13 से 16 मई तक विद्यालय स्तर पर ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

## ढुलू महतो ने कहा- मैं नहीं था घटनास्थल पर, मुझे फंसाया गया

**धनबाद :** डोमन महतो के साथ मारपीट एवं जानलेवा हमले के मामले में बुधवार को धनबाद के सांसद ढुलू महतो समेत अजय गोराई उर्फ अजय साव, बसंत राय उर्फ बुद्ध राय, कृष्ण रविदास उर्फ विनय रविदास, डंपी मंडल तथा बिट्टू सिंह का अदालत में सफाई बयान दर्ज किया गया। एमपी-एमएलए के विशेष न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में आरोपी ढुलू महतो ने कहा कि 29 अप्रैल 2019 की सुबह साढ़े बजे वह घटनास्थल पर नहीं थे। सांसद ने कहा कि कभी डोमन महतो के मुंह पर लात नहीं रखा था, जिससे उनकी सांसें बंद हो जाए। उसने डोमन महतो तथा उसके परिवार के किसी भी सदस्य के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं किया। उनके ऊपर झूठा आरोप लगाया गया है। वह निर्दोष हैं तथा घटना के विषय में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। जिस समय घटना हुई थी, उस समय वह बाहर था। एक षड़यंत्र के तहत झूठा आरोप लगा कर उन्हें फंसाया गया।

# तेलंगाना टनल हादसे में फंसे गुमला जिले के श्रमिक अनुज साहू का शव नहीं मिला

### परिजनों ने पुतला बनाकर उसका अंतिम संस्कार किया

### वृद्ध पिता रामप्रसाद साहू ने दी मुखाग्नि

मेट्रो रेज संवाददाता



**गुमला :** ज्ञातव्य हैं की तेलंगाना राज्य सरकार के सहयोग से सभी चारों मृतकों के परिजनों को मृत्यु प्रमाण पत्र और पच्चीस लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि , गुमला जिला प्रशासन के , उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी के माध्यम और उपस्थिति में उनके हाथों प्रदान किया गया है।
ज्ञातव्य हैं कि तेलंगाना के नागरकुरनूर जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल परियोजना का एक बड़ा हिस्सा ढह जाने से झारखण्ड राज्य के गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा थाना स्थित खंभिया कुंबा टोली ग्राम निवासी अनुज साहू उक्त टनल में फंसगया और उसका जीवित या मृत शव बरामद नहीं हुआ, फलस्वरूप आज 81 वें दिन बाद सनातन हिन्दू धर्म के रीति रिवाज के तहत मृतक अनुज साहू का पुतला बनाकर उसका अंतिम संस्कार किया गया, इस अंतिम संस्कार में पुरे गांववासियों ने भाग लिया,इस अंतिम संस्कार करने के दौरान वृद्ध माता-पिता द्वारा अपने मृतक पुत्र के बने पुतले में लगे अनुज साहू के (फोटोग्राफ में )एक रस्म पुरा करने दौरान , अपने बेटे के गम और दर्द को लेकर दोनों वृद्ध माता पिता के द्वारा दुध पिलाते वक्त फफक - फफक कर रो पड़े और उनका रो-रो कर बुरा हाल होते उक्त दृश्य को देख , अंतिम संस्कार में उपस्थित सभी लोगों के आंखें नम हो गई, ज्ञातव्य हैं कि तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल परियोजना का एक बड़ा हिस्सा ढह जाने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में से झारखंड राज्य के गुमला जिले के चार श्रमिक समेत कुल आठ श्रमिक फंसे हुए थे। फंसे हुए श्रमिकों में गुमला जिले के सदर थाना क्षेत्र के तिर्रा गांव निवासी संतोष साहू, घाघरा थाना क्षेत्र के खंभिया कुंबा टोली निवासी अनुज साहू, रायडीह थाना क्षेत्र के कोबी टोली गांव निवासी जगता खेस और पालकोट थाना क्षेत्र के उम्दा नकटी टोली गांव निवासी संदीप साहू शामिल हैं।
उक्त घटना के बाद झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निदेर्शानुसार गुमला जिला प्रशासन उक्त श्रमिकों के परिजनों को हर संभव सहयोग प्रदान कर रहा था । प्रशासन की टीम परिजनों से लगातार संपर्क में थी और उन्हें आवश्यक सहायता एवं सांत्वना दी जा रही थी और बाद में सभी फंसे श्रमिकों के परिजन उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी से मिले थे। उसी दौरान उपायुक्त गुमला ने परिजनों को सांत्वना देते हुए और सकारात्मक समाचार की कामना करते हुए उन्होंने परिजनों को विश्वास दिलाया कि जिला प्रशासन पूरी तरह से उनके साथ है और श्रमिकों के सुरक्षित बचाव के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे थे, परिजनों के आग्रह को ध्यान में रखते हुए , सभी संबंधित प्रत्येक मजदूरों के परिवार से एक-एक सदस्य को तेलंगाना ले जाया जाएगा था । परिजनों को सुरक्षित रूप से घटनास्थल पर ले जाने के लिए उ्दत्रछ फैलो श्री अविनाश पाठक एवं गुमला एसआई निखिल आनंद उनके साथ थे ।
इस पूरे घटनाक्रम पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गहरी चिंता जताई है और उनके निदेर्शानुसार गुमला जिला प्रशासन की टीम हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है , परन्तु मृतक के पिता रामप्रताप साहू ने झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा अबतक कोई सहयोग नहीं मिलने और ना ही आश्रित - पीड़ित परिवारों को जीवन यापन के लिए नौकरी प्रदान नहीं किया गया हैं।

## बोटोपानी गांव में पहुंचा उजाला, पीवीटीजी परिवारों को मिली सौर ऊर्जा

मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिले में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह और स्थानीय आदिवासी समुदायों के सर्वांगीण विकास के लिए उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी के नेतृत्व में सतत प्रयास जारी हैं। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत प्रधानमंत्री जनजातीय सशक्तिकरण योजना के तहत जिले के सुदूरस्थ गांवों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। इस क्रम में घाघरा प्रखंड के आदर पंचायत अंतर्गत बोटोपानी गांव में पहली बार सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली पहुंचाकर एक बेहतरीन कार्य किया गया है।
बोटोपानी एक ऐसा गांव है जो अब तक बिजली जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित था। गांव के लगभग 40 परिवारों, जो विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समुदाय से आते हैं, को अंधेरे में जीवन बिताना पड़ता था। ना तो बच्चों को रात में पढ़ाई की सुविधा थी और ना ही खेती या आजीविका के अन्य साधनों के लिए कोई आधुनिक सुविधा उपलब्ध थी। लेकिन अब यह स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है।
गुमला जिला प्रशासन ने झारखंड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (खफ्एऊअ) के सहयोग से अप्रैल 2025 में बोटोपानी में 10 किलोवाट क्षमता वाले सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना कराई। इस संयंत्र में दो 5 किलोवाट के सौर पैनल शामिल हैं, जिन्हें एक सूक्ष्म ग्रिड के माध्यम से गांव के 40 घरों से जोड़ा गया है। यह



परियोजना प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और पीएम जनमन योजना दोनों की प्राथमिकताओं से जुड़ी हुई है।
परियोजना की शुरूआत से पहले खफ्एऊअ की टीम ने स्थल का सर्वेक्षण किया और वहां की भौगोलिक स्थिति, सूर्य की उपलब्धता और भूमि की उपयोगिता का आकलन किया। इसके बाद ग्रामीणों के साथ बैठकें आयोजित की गईं, जिसमें उन्हें सौर ऊर्जा के लाभों की जानकारी दी गई और उन्हें इस प्रक्रिया से जोड़ा गया। संयंत्र में इनवर्टर और बैटरी की सुविधा भी जोड़ी गई, जिससे रात में भी बिजली की आपूर्ति बनी रहती है। इसके अलावा इस संयंत्र की निगरानी के लिए रांची से रीयल टाइम क्क्ष्ळ आधारित मॉनिटरिंग प्रणाली भी स्थापित की गई है। दीर्घकालिक संचालन के लिए खफ्एऊअ द्वारा पांच वर्षों की व्यापक अनुरक्षण योजना भी लागू की गई है।
इस पहल का असर अब गांव की जिंदगी में साफ दिख रहा है। अब यहां के घरों में बल्ब और पंखे चल रहे हैं, जिससे जीवन की गुणवत्ता में सुधार आया है। बच्चे अब रात में आराम से पढ़ाई कर पा रहे हैं, जिससे उनकी शिक्षा में सकारात्मक बदलाव आया है। कई ग्रामीणों ने बिजली मिलने के बाद सिलाई, दुकानदारी जैसे छोटे-छोटे उद्यम शुरू किए हैं, जिससे उनके परिवार की आय बढ़ रही है। खेती के लिए सौर ऊर्जा से सिंचाई की व्यवस्था भी की गई है, जिससे वर्षा पर निर्भरता कम हो रही है और उत्पादन में वृद्धि देखी जा रही है।
पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी यह एक सकारात्मक कदम है। अब पारंपरिक ईंधनों जैसे कि लकड़ी और मिट्टी के तेल पर निर्भरता कम हो रही है, जिससे प्रदूषण में भी गिरावट आई है। बोटोपानी के एक निवासी ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा, श्बिजली आने के बाद हम सबकी जिंदगी बदल गई है। अब हम रोशनी में काम कर सकते हैं, बच्चे पढ़ सकते हैं और खेतों में सिंचाई भी आसान हो गई है।

## पूर्व शिक्षा सचिव एपी सिंह ने यश भारद्वाज को दी शुभकामनाएं





**ज्योति पाठक**

झारखंड के फिफ्थ फाइनेंस के चेयरमैन एवं झारखंड के पूर्व शिक्षा सचिव अमरेंद्र प्रताप सिंह ने मधुसूदन पब्लिक स्कूल के इंटर कला संकाय के छात्र एवं झारखंड के वरीय पत्रकार विनय मिश्रा के पुत्र यश भारद्वाज के बेहतर परीक्षा फल परिणाम एवं अंग्रेजी विषय में 100 में से 99 अंक लाने पर अपनी शुभकामनाएं और बधाई दी है श्री सिंह ने कहा कि यश भारद्वाज ने अपने प्रतिभा और लगन मेहनत से अपने सार्थकता को सिद्ध किया है भविष्य में भी यह अपनेबेहतर शिक्षण से लक्ष्य हासिल करने के साथ-साथ अपनी श्रेष्ठता भी साबित करेगा इसके उज्जवल भविष्य की मैं कामना करता हूं गौरतलब हो कि भारतीय प्रशासनिक सेवा 1991 बैच के झारखंड के वरीय आईएएस अधिकारीअमरेंद्र प्रताप सिंह पश्चिम सिंहभूम जिला के उपायुक्त भी रहे हैं।

## बरसात के पूर्व दिघी से कामारडीह तक हुई डाली की छंटाई, बोड़ाम में विद्युतापूर्ति शुरू

**पटमदा :** बरसात के मौसम में भी उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिलती रहे इसके लिए गुरुवार को विद्युत विभाग के सहायक अभियंता मोहम्मद शाहनवाज अंसारी की देखरेख में बोड़ाम विद्युत सबस्टेशन से जुड़े 33 केवी लाइन में मेंटेनेंस का कार्य किया गया। इसमें लाइनमैन पुतुल प्रमाणिक, परिमल हेंब्रम, सुकेन गोप व विभीषण महतो ने दिघी से कामारडीह के बीच सड़क किनारे मौजूद पेड़ों की डालियों की छंटाई की ताकि बरसात के समय तार से न सटे और आपूर्ति बाधित न हों। जबकि सबस्टेशन के कर्मचारी तुषार महांती, मफीज अंसारी, विश्वनाथ मांडी, सुषेण प्रमाणिक व रंजीत सिंह काहन ने सबस्टेशन के आसपास की झाड़ियों को काटकर सफाई की। इस दौरान सबस्टेशन में स्विच का भी काम किया गया। दोपहर 12 बजे तक बोड़ाम सबस्टेशन में बिजली चालू हो गई थी और दोपहर 1 बजे तक सभी प्रभावित गांवों में आपूर्ति चालू हो गई। भीषण गर्मी के इस मौसम में विद्युतापूर्ति शुरू होने से लोगों ने राहत की सांस ली। गौरतलब हो कि 33 केवी के लाइन में मेंटेनेंस कार्य के लिए ही सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित थी।

## कुणाल ने मंत्री सुदिव्य से की मुलाकात, फिनटेक विवि की मांग

मेट्रो रेज संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य सोनू से मुलाकात कर पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला के तकनीकी संस्थानों के लिए टेक्निकल यूनिवर्सिटी और फाइनेंस एवं टेक्नोलॉजी से जुड़े कोर्सों के लिए फिनटेक यूनिवर्सिटी खोलने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने जिले में स्वीकृत ट्राइबल यूनिवर्सिटी में कुलपति (वीसी) की नियुक्ति जल्द करने की अपील भी की। मुलाकात के दौरान कुणाल षाड़ंगी ने महाविद्यालयों में आधारभूत संरचना की कमी और पढ़ाई को लेकर आ रही चुनौतियों पर भी विस्तार से चर्चा की तथा इनके समाधान का आग्रह किया। मंत्री सुदिव्य सोनू ने आश्वस्त किया कि उच्च शिक्षा विभाग के पास जिले के महाविद्यालयों के सुदृढ़ीकरण को लेकर डीपीआर तैयार है और जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जमीन उपलब्ध होने की स्थिति में टेक्निकल और फिनटेक यूनिवर्सिटी की स्थापना पर सरकार गंभीरता से विचार करेगी।

## जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में उपायुक्त ने दिए कई निर्देश

मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** गुमला समाहरणालय के सभागार में मासिक जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी ने की। बैठक में जिले के सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की गई जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल एवं स्वच्छता, कल्याण, समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, कृषि, उद्यान, भूमि संरक्षण, आवास योजना, मनरेगा, पशुपालन, राजस्व समेत 15 से अधिक विभागों की अद्यतन प्रगति पर चर्चा की गई।
बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग की गहन समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सिसई रेफरल अस्पताल, पालकोट, भरनो, बिशुनपुर एवं रायडीह के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की नियुक्त की जा चुकी है। चिकित्सकों के द्वारा नियमित जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने इन अस्पतालों की सेवा स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए अधिकारियों को समय-समय पर निरीक्षण करने का भी निर्देश दिया।
समन्वय समिति की बैठक के उपलक्ष्य में समाहरणालय परिसर में सभी अधिकारियों



एवं कर्मियों का सिकल सेल एनीमिया जांच किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने निर्देशित किया कि मई माह के अंत तक जिले के शत प्रतिशत नागरिकों का सिकल सेल जांच कार्य पूरा किया जाए। उन्होंने नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी सघन जांच शिविर आयोजित कर जांच को सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को किसी एक गांव का चयन कर औचक निरीक्षण करते हुए जांच कार्य की रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया। दिनांक 15 एवं 16 मई को सूचना भवन सभागार में मीडिया प्रतिनिधियों हेतु पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में कल समाहरणालय परिसर में पुनः सिकल सेल एनीमिया जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले के सभी अधिकारी एवं कर्मी भाग लेंगे।
समाज कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने दुर्गम क्षेत्रों में निर्माण कार्यों की प्रगति सुनिश्चित कराने पर भी बल दिया। पोषण ट्रैकर पर शत-प्रतिशत प्रविष्टि दर्ज कराने और वजन मापन को नियमित रूप से मॉनिटर किए जाने के निर्देश भी दिए गए। उपायुक्त ने पंचायत स्तर पर विद्यालयों और आंगनवाड़ी केंद्रों की आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।
कल्याण विभाग की समीक्षा में छात्रवृत्ति योजनाओं की प्रगति पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने निर्देशित किया कि कोई भी पात्र विद्यार्थी योजना से वंचित न रहे। उन्होंने छात्रवृत्ति के आवेदनों की समय पर पुष्टि करने और कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित विद्यालय भवनों की मरम्मती एवं लंबित निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने पर बल दिया। धूमकुड़िया भवनों के फील्ड वेरिफिकेशन तथा सरना-मसना घेराबंदी संबंधी आवेदनों की प्रगति पर भी चर्चा हुई।
प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्माण कार्यों में धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए अविलंब कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। सामाजिक सुरक्षा कोषांग की समीक्षा में मैया सम्मान योजना के वेरिफिकेशन का औचक निरीक्षण कर उसकी पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता सहन नहीं की जाएगी।
जल जीवन मिशन की समीक्षा में खराब जलमीनारों की मरम्मती शीघ्र कराने और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के गांवों में आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि जिले का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों के गांव में प्राथमिक सुविधाएं हर हाल में उपलब्ध कराई जानी चाहिए।
आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने राशन कार्ड और आधार कार्ड का नाम मिलान, ई-केवाईसी की प्रक्रिया तथा नए लाभुकों के नाम जोड़ने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले डीलरों को चिन्हित कर उन्हें हटाया जाए।
पशुपालन विभाग की समीक्षा में पशुओं के वितरण से पूर्व आमजनों एवं जनप्रतिनिधियों को सूचित करने, पशुओं का बीमा कराने तथा पशुपालन संबंधी जानकारी आम नागरिकों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।
कृषि विभाग अंतर्गत एटीएम-बीटीएम की राशि भुगतान में हुई त्रुटियों को शीघ्र दूर कर कर्मियों को भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश उपायुक्त ने दिए। साथ ही कृषि ऋण माफी योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान समृद्धि योजना और सॉयल हेल्थ कार्ड जैसे विषयों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने सभी पात्र किसानों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने की बात कही।
बैठक में उपायुक्त द्वारा अन्य विभागों की भी विस्तार से समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गुमला, परियोजना निदेशक आईटीडीए, अपर समाहर्ता गुमला, निदेशक डीआरडीए, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, कार्यपालक अभियंता जिला परिषद, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला नजरात उप समाहर्ता सहित कई पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।